Postal Regn No./C.G./RYP DN/48/2022-24 website- www.dvpnews.in रायपुर (छ.ग.) एवं झांसी (उ.प्र.) से एक साथ प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी पत्र

# दैनिक विश्व परिवार

● अंक : 299 ● वर्ष : 11 ● रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024 ● पृष्ठ : 08 ● मूल्य : 3 रूपए ● संस्थापक : कीर्तिशेष- श्री कैलाश चन्द्र जैन

**सुविचार**



कोई किसी का मित्र नहीं और किसी का शत्रु नहीं है, बर्ताव से ही मित्र या शत्रु पैदा होते हैं।
No one is the friend and no one is the enemy of others, the behavior makes friend and enemy.
आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज

## संक्षिप्त समाचार

### गितानस नौसेदा फिर बने लिथुआनिया के राष्ट्रपति

**विनियस (एजेंसी)।** निवर्तमान राष्ट्रपति गितानस नौसेदा चुनाव में इंग्रिडा सिमोनीटे को हराकर एक बार फिर लिथुआनिया के राष्ट्रपति चुने गए। नौसेदा को 74.43 प्रतिशत मत मिले, वहीं सिमोनीटे 24.06 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। नौसेदा ने विनियस में बाल्टिक न्यूज सर्विस (बीएनएस) से कहा, लिथुआनिया के लोगों ने मुझ पर विश्वास जताया है। मैं उनके विश्वास को संजोकर रखूंगा। अपनी इस जीत के साथ नौसेदा एक बार फिर पांच साल तक लिथुआनिया के राष्ट्रपति बने रहेंगे। वर्तमान प्रधानमंत्री सिमोनीटे ने अपनी हार स्वीकार कर ली है और नौसेदा को उनकी जीत पर बधाई दी है। इसके पहले 12 मई को हुए चुनाव में पहले दौर में किसी भी उम्मीदवार को आधे से अधिक मत नहीं मिला था। इसके बाद दोबारा मतदान कराया गया।

### नक्सलियों ने मचाया उत्पात, दो मोबाइल टॉवरों को किया आग के हवाले

**बीजापुर (आरएनएस)।** बस्तर में नक्सलियों का फिर कायराना करतूत सामने आया है. नक्सलियों ने दो मोबाइल टॉवर को आग के हवाले किया है. बीजापुर के ग्राम पंचायत कांदुलनार और में लगे दो टॉवर में आग लगाकर जमकर उत्पात मचाया है. यह मामला मोदकपाल थाना क्षेत्र का है. इसकी पुष्टि मोदकपाल थाना प्रभारी ने की है. नक्सलियों ने बंद को लेकर बीजापुर इलाके में जमकर उत्पात मचाया है. बीते दिनों भी नक्सलियों ने आवापल्ली-उसूर मार्ग को खोदकर बैनर, पोस्टर रास्ते लगाकर मार्ग को अवरुद्ध किया था.

### भारत-पाक सीमा पर हीट स्ट्रोक से जवान शहीद, दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

**जैसलमेर (आरएनएस)।** भारत-पाकिस्तान सीमा पर तैनात बीएसएफ का एक जवान शहीद हो गया। बीएसएफ के जवान की जान जाने की वजह हीट स्ट्रोक बताई जा रही है। मृतक जवान को गार्ड ऑफ ऑनर और पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। बता दें कि इन दिनों बॉर्डर पर तापमान 50 डिग्री के पार हो गया है। शहीद होने वाला जवान 173वीं वाहिनी सीमा सुरक्षा बल में कांस्टेबल के पद पर तैनात था। जवान का नाम अजय कुमार था, वह पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के सारू गांव का रहने वाला था।

### नक्सलियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ सरकार का आक्रमक रुख

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक्स पर बताया 5 महीने का आंकड़ा, बोले- यह है सुशासन का असर...

**रायपुर ( आरएनएस )।** बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ सरकार के आक्रामक रुख का असर दिखने लगा है। नई सरकार के 5 महीने के कार्यकाल में ही बढ़ी संख्या में नक्सली सुरक्षाबलों की गोलियों के शिकार हुए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसे सुशासन का असर बताया है।




बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को एक के बाद बड़ी सफलता मिल रही है। मुठभेड़ में लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं। इससे नक्सलियों में भय का माहौल बन गया है। इसकी वजह से हथियार छोड़ने (आत्मसमर्पण) वालों की संख्या भी बढ़ रही है। एक दिन पहले ही बस्तर में 33 नक्सलियों सरेंडर किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में पुलिस और सुरक्षाबलों को मिल रही सफलता के लिए बधाई दी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोशल मीडिया X पर एक पोस्ट डाला है। इसमें मुख्यमंत्री साय ने 5 महीने में नक्सल मार्चों पर पुलिस को मिली सफलता बताई है। सीएम ने बताया कि 5 महीने में सुरक्षाबलों ने 120 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। 153 गिरफ्तार किए गए हैं, जबकि 375 ने आत्म सम्पर्ण किया है। मुख्यमंत्री ने इसे 5 महीने के सुशासन का असर बताते हुए लिखा है कि नक्सलवाद को सफाया हो रहा है सांय-सांय।

केंद्रीय गृह मंत्री ने किया नक्सलवाद मुक्त करने का वादा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनता से बस्तर को नक्सलवाद मुक्त करने वादा किया है। शाह ने छत्तीसगढ़ की विभिन्न चुनावों सभाओं में राज्य को 2 साल में नक्सल मुक्त करने का दावा किया है। बताया जा रहा है कि शाह के वादे के बाद से ही बस्तर में तैनात पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्स आक्रामक हो गई है। गोपनीय सूचनाओं के आधार पर बस्तर में पुलिस की तरफ से लगातार बड़े ऑपरेशन किए जा रहे हैं। इससे नक्सलियों का हौसला पस्त हो गया है।

नक्सलियों की तरफ से आया शांति वार्ता का प्रस्ताव बस्तर में फोर्स के आक्रामक रुख को देखते हुए नक्सलियों का भी हौसला पस्त होता दिख रहा है। इसी का असर है कि नक्सली शांति वार्ता का प्रस्ताव भेज रहे हैं। बताते चले कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में बीजेपी की सरकार बनने के तुरंत बाद ही प्रदेश के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने नक्सली खेमे में शामिल हो चुके छत्तीसगढ़ के नव जवानों से मुख्य धारा में लौटने की अपील करते हुए बातचीत का प्रस्ताव दिया है। शर्मा ने वीडियो कॉल के जरिये भी बात करने का प्रस्ताव दे रखा है।

पुनर्वास नीति के लिए भी मांगा गया है सुझाव बस्तर में नक्सलियों के खिलाफ आक्रामक अभियानों के साथ ही सरकार मुख्य धारा में लौटने वाले नक्सलियों को भी मौका दे रही है। राज्य सरकार की तरफ से पहली बार नक्सलियों के लिए बनाई जा रही पुनर्वास नीति के लिए उन्हीं लोगों से सुझाव मांगा है। इसके लिए सरकार की तरफ से बकायदा गुगुल फार्म और ईमेल आईडी जारी किया गया है।

## जन समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए नियुक्त किए जाएंगे नोडल अधिकारी

**रायपुर (विश्व परिवार)।** जन समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सरकार अब अफसरों की जिम्मेदारी तय करने जा रही है। मंत्रालय से लेकर जिला स्तर तक नोडल एवं अपीलीय अधिकारियों की नियुक्ति होगी। जो पंद्रह दिन के अंदर आवेदनों का निराकरण करेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार का स्लोगन 'विष्णु का सुशासन' को अमल में लाने की दिशा में यह बड़ा कदम माना जा रहा है। मंत्रालय स्तर पर अवर सचिव नोडल अधिकारी होंगे जबकि उपसचिव अपीलीय अधिकारी होंगे। इसी तरह जिला स्तर पर डिप्टी कलेक्टर अथवा संयुक्त कलेक्टर नोडल अफसर होंगे और अपर संचालक को अपीलीय अधिकारी का दायित्व मिलने जा रहा है। जबकि संचालनालय स्तर पर सहायक संचालक नोडल अफसर होंगे और अपर कलेक्टर अपीलीय अधिकारी होंगे।

## कांग्रेस के नेताओं ने देश के प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी को उनकी पुण्यतिथि पर किया याद

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे व कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कई प्रमुख हस्तियों ने पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि दी। सोमवार सुबह कांग्रेस अध्यक्ष समेत कांग्रेस के कई नेताओं ने दिल्ली के शांति वन में स्थित नेहरू समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की।



इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, आधुनिक भारत के शिल्पकार, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक व विभिन्न क्षेत्रों में आगे ले जाने वाले, लोकतंत्र के समर्पित प्रहरी, स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री व हमारे प्रेरणास्त्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के अतुलनीय योगदान के बिना भारत का इतिहास अधूरा है। खड़गे ने कहा कि वे हिंद के जवाहर की पुण्यतिथि पर उन्हे विनम्र श्रद्धांजलि देते हैं। इसके साथ ही उन्होंने प्रथम प्रधानमंत्री के विचारों का स्मरण करते हुए कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू जी ने कहा था, देश की रक्षा, देश की उन्नति, देश की एकता ये हम सबका राष्ट्रीय धर्म है। हम अलग-अलग धर्म का पालन करें, अलग-अलग प्रदेश में रहें, अलग भाषा बोलें, पर हमारे बीच कोई दीवार नहीं खड़ी नहीं होनी चाहिए। सब लोगों को उन्नति में बराबर का मौका मिलना चाहिए। खड़गे ने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी उसी न्याय के रास्ते पर चल रही है।

इस अवसर पर राहुल गांधी ने प्रथम प्रधानमंत्री को याद करते हुए उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन किया। राहुल गांधी ने कहा कि पं.जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के शिल्पकार थे। एक दूरदर्शी व्यक्ति के रूप में उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन- स्वतंत्रता आंदोलन, लोकतंत्र की स्थापना, धर्मनिरपेक्षता और संविधान की नींव रखते हुए भारत निर्माण के लिए समर्पित किया। राहुल ने कहा कि जवाहरलाल नेहरू के मूल्य सदैव उनका मार्गदर्शन करते रहेंगे।

## बिहार में राहुल गांधी की रैली, पीएम मोदी पर तीखा हमला

### कहा- आप देश को बांटने की बजाय युवाओं को रोजगार न देने पर जवाब दें

**पटना ( एजेंसी )।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बिहार के बख्तियारपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी इसलिए परमात्मा वाली कहानी लेकर आए हैं ताकि 4 जून के बाद ईडी द्वारा उनसे सवाल पूछे जाएं तो वह कहें कि मुझे कुछ नहीं पता है। मुझसे तो परमात्मा ने काम के लिए कहा था। राहुल गांधी ने कहा, %उन्होंने पता है परमात्मा वाली कहानी क्यों निकाली है। ऐसा इसलिए ताकि वही ईडी के लोग जब 4 जून के बाद नरेंद्र मोदी से गौतम अडानी के बारे में पूछेंगे तो वह कहेंगे कि मैं नहीं जानता। परमात्मा ने कहा था। राहुल गांधी ने कहा कि आप लंबे-लंबे भाषण देना बंद करिए। आप पहले बिहार और देश के युवाओं को यह बताइए कि कितने लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने कहा कि आप देश को बांटने की बजाय युवाओं को रोजगार न देने पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि पहले आपके लिए अलग-अलग रास्ते थे। आप सेना, सरकारी नौकरी और प्राइवेट सेक्टर में जा सकते थे।

## इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा : अखिलेश यादव

**लखनऊ ( आरएनएस )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने आज गाजीपुर में इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अफजाल अंसारी और चंदौली से इंडिया गठबंधन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह के पक्ष में विशाल चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित कर भारी मतों से जिताने की अपील की।



अखिलेश यादव ने कहा कि पूर्वांचल की हवा पश्चिम से भी तेज चल रही है। इंडिया गठबंधन पूरे पूर्वांचल में भाजपा का सफाया कर रहा है। पूर्वांचल में समाजवादी पार्टी के पक्ष में रिकार्डतोड़ जन समर्थन देखकर भाजपा नेताओं का आत्मविश्वास डगमगा गया है। उन सबकी जुबान भी लड़खड़ा रही है। भाजपा नेताओं की घिसीपिटी बातें और पुराने डॉयलाग अब कोई नहीं सुनना चाहता है। भाजपा नेताओं के झूठ और झूठी बातों को जनता ने नकार दिया है। पूर्वांचल में इंडिया गठबंधन के समर्थन में हवा की रफ्तार देखकर भाजपा के दिल्ली और लखनऊ से आने वाले नेता थर्रा रहे हैं। उनके समझ में कुछ नहीं आ रहा है। चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा चार सौ सीटे हार रही है।अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की हर बात झूठी निकली। इनके हर वादे झूठे निकले। भाजपा सरकार ने दस साल में कोई विकास नहीं किया।

## केजरीवाल ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, अंतरिम जमानत 7 दिन बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** लोकसभा चुनाव के बीच दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अरविंद केजरीवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायिर की है। इसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने अपनी अंतरिम जमानत 7 दिन के लिए बढ़ाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक अरविंद केजरीवाल ने इसके लिए सेहत का हवाला दिया है। सूत्रों ने दावा किया कि अरविंद केजरीवाल को शक है कि उन्हें कोई गंभीर बीमारी है। मैक्स के डॉक्टरों ने उनकी जांच की है। इसलिए उन्हें PET-CT स्कैन और कई टेस्ट करवाने की जरूरत है। इसलिए केजरीवाल ने जांच करवाने के लिए 7 दिन और मांगे हैं। बता दें कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली शराब घोटाला केस में अंतरिम जमानत पर बाहर हैं।

## केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा- जब तक नरेन्द्र मोदी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता

**कुशीनगर ( आरएनएस )।** उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को कुशीनगर पहुंचे यहां उन्होंने उदित नारायण स्नातकोत्तर महाविद्यालय पडरौना में भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार दूबे के पक्ष में जनसभा को सम्बोधित किया।



इस दौरान उन्होंने सपा-कांग्रेस गठबंधन को अपने निशाने पर रखा। जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। तथागत भगवान बुद्ध,सिधुआ बाबा, खिरकिया माई, बुढ़िया माई को नमन करते हुए गृहमंत्री ने दावा किया देश की जनता ने तय कर लिया है कि अगले 5 साल नरेन्द्र मोदी जी ही प्रधानमंत्री रहेंगे। 6 चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। मेरे पास 5 चरण का आंकड़ा है। 5 चरण में मोदी जी 310 सीटें पार कर चुके हैं। छठा चरण हो चुका है, सातवां होने वाला है, जिसमें आप लोगों को 400 पार कराना है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि 4 जून को राहुल बाबा की पार्टी 40 भी पार नहीं कर पाएगी और अखिलेश बाबू 4 भी पार नहीं कर पाएंगे। 4 जून को मोदी जी, भाजपा और एनडीए की विजय निश्चित है। 4 जून की दोपहर को आप देख लेना, राहुल बाबा के लोग प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और कहेंगे कि इवीएम के कारण हम हारे हैं। और हार का ठीकरा भी खड़गे साहब पर फूटेगा। घमंडिया गठबंधन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये झूठ के आधार पर जीने वाले लोग हैं। इन्होंने कहा है कि हम मुस्लिम आरक्षण देंगे। अपने वोटबैंक को खुश करने के लिए ये मुस्लिम आरक्षण की बात करते हैं। जिसका सीधा खामियाजा पिछड़े वर्ग को भुगतना पड़ेगा । अगर गलती से भी ये जीत गए, तो पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित का आरक्षण छीनकर ये मुसलमानों को देने का काम करेंगे।इन्होंने (इंडी गठबंधन) कर्नाटक और हैदराबाद में जो किया है, बंगाल में भी वही किया था, लेकिन वहां (बंगाल) हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी। मुस्लिम आरक्षण संविधान के अनुरूप नहीं है। मगर आप चिंता मत कीजिए, न ये जीतने वाले हैं और न हम ऐसा होने देंगे। जब तक नरेन्द्र मोदी जी और भाजपा हैं, पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को कोई हाथ नहीं लगा सकता। हम इस देश में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं आने देंगे। सपा और कांग्रेस 70 साल से राम जन्मभूमि के मामले को अटका कर बैठे थे।जबकि मोदी जी ने 5 साल में ही केस भी जीता, भूमिपूजन भी किया और प्राण प्रतिष्ठा भी कर दी। मोदी जी ने सिर्फ राम मंदिर ही नहीं, बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़ा गया काशी विश्वनाथ का मंदिर भी बनाया और सोमनाथ का मंदिर भी सोने का बन रहा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए गृहमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी कहती है कि पाकिस्तान के पास एटम बम है, पीओके मत मांगिए।

## अमेरिका के तीन राज्यों में बवंडर ने मचाई तबाही, 11 लोगों की मौत; कई इमारतें और ईंधन स्टेशन नष्ट



**वाशिंगटन ( एजेंसी )।** अमेरिका के टेक्सास, ओक्लाहोमा और अर्कांसस राज्यों में बवंडर के कहर से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बवंडर के कारण कई इमारतें, बिजली और गैस लाइनें और एक ईंधन स्टेशन नष्ट हो गया, जहां कई लोग शरण लिए हुए थे। राज्यों में भयंकर तूफान आया, जहां तापमान बहुत अधिक चल रहा है। टेक्सास का कुक काउंटी, डलास के उत्तर में और डेंटन काउंटी सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में से हैं, जहां सात लोगों की मौत हो गई। कुक काउंटी के शेरिफ रे सैपिंगटन ने स्थानीय मीडिया को बताया कि अधिकारियों को मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।

उन्होंने कहा कि इस बीच खोज एवं बचाव अभियान जारी है और उन्हें जीवित बचे लोगों के मिलने की उम्मीद है। स्थानीय मीडिया पर फुटेज में दिखाया गया है कि एक ईंधन स्टेशन लगभग पूरी तरह से नष्ट हो गया है, जिसमें धातु मुड़ गई है और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए हैं। ओक्लाहोमा में मेयस काउंटी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। अर्कांसस में दो लोगों की मौत की सूचना मिली है, जिसमें एक महिला भी शामिल है, जो अपने टूटे हुए घर में मृत पाई गई थी।

अर्कांसस के रोजर्स शहर के पुलिस अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने कई लोगों को बचाया है जो बवंडर के कारण पेड़ और बिजली की लाइनें गिरने और गैस आपूर्ति लाइनों के क्षतिग्रस्त होने के बाद फंस गए थे। बवंडर ने पूरे टेक्सास में सतही यातायात को भी प्रभावित किया, जिससे लॉरियां पलट गईं और प्रमुख राजमार्ग बंद हो गए, जबकि कई खंभे उखड़ गए, जिससे बिजली आपूर्ति बंद हो गई। अधिकारियों ने कहा कि सेवाएं बहाल करने में कई दिन लग सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, तीन राज्यों में तबाही के बाद रविवार को मिसौरी, इलिनोइस, केंटकी, ओहियो और टेनेसी के कुछ हिस्सों में खराब मौसम के कारण खतरे की चेतावनी दी गई।

### बीजेपी को सुप्रीम कोर्ट का झटका

## हाईकोर्ट के आदेश पर रोक संबंधी याचिका की खारिज

**नई दिल्ली ( आरएनएस )।** उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा के चल रहे चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से आदर्श आचार संहिता की 'अनदेखी' कर तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले 'अपमानजनक विज्ञापन' पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के रोक लगाने के आदेश को चुनौती देने वाली केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की याचिका सोमवार को खारिज कर दी।



उच्च न्यायालय ने भाजपा को निर्देश दिया था कि वह तृणमूल कांग्रेस को निशाना बनाने वाले किसी भी तरह के अपमानजनक विज्ञापन प्रकाशित नहीं करे। भाजपा ने उच्च न्यायालय के इस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की अवकाशकालीन पीठ ने भाजपा की याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए उसकी ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी एस पटवालिया से कहा कि मामले को लटकाने से बचें, क्योंकि विज्ञापन मतदाताओं के हित में नहीं है। पीठ ने यह भी कहा कि प्रतिद्वंद्वी पार्टी (टीएमसी) आपकी दुश्मन नहीं है। पीठ ने कहा, हमने विज्ञापन देखे हैं। प्रथम दृष्टया वो विज्ञापन अपमानजनक हैं। हम और कटुता को बढ़ावा नहीं देना चाहते।

शीर्ष अदालत के इस रुख के बाद श्री पटवालिया (भाजपा) ने याचिका वापस लेने का फैसला किया और कहा कि वह अंतरिम आदेश पारित करने वाली उच्च न्यायालय की एकल पीठ के समक्ष जवाब दाखिल करना पसंद करेंगे।

## चक्रवात रेमल : तेज आंधी से पेड़ और बिजली के खंभें उखड़े, पूर्वोत्तर राज्य हाई अलर्ट पर

### अधिकारियों को तैयार रहने दिए गए निर्देश



**कोलकाता ( आरएनएस )।** भीषण चक्रवाती तूफान रेमल के आने से पहले विभिन्न पूर्वोत्तर राज्यों में आपदा प्रबंधन अधिकारियों और सुरक्षा बलों को हाई अलर्ट पर रखा गया है और जिला प्रशासनों को अग्रिम एहतियाती कदम उठाने के लिए कहा गया है। रेमल चक्रवात के कारण रात भर हुई भारी बारिश और 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं ने सोमवार को कोलकाता सहित पश्चिम बंगाल के कई अन्य जिलों में छप्पर वाले घरों को नष्ट हो गए, बिजली के खंभे और रेलवे सिग्नल पोस्ट गिर गए।

प्रारंभिक रिपोर्टों के मुताबिक रेमल के पश्चिम बंगाल और उससे सटे बंगलादेश के तटों के बीच टकराने से घर ढहने या उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए। राज्य सरकार पहले ही निचले इलाकों में रहने वाले करीब 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा चुकी है।

क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चक्रवात के टकराने की प्रक्रिया रविवार रात लगभग 8.30 बजे शुरू हुई और पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप और मोंगला के पास बंग के खेपुपारा के बीच सोमवार तड़के समाप्त हुई।

प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक कोलकाता में 146 मिमी बारिश हुई और 100 से 110 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं, जो 135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंच गयीं। तेज हवाई के कारण पेड़ उखड़ गए और ओवरहेड बिजली के तार टूट गए। कोलकाता में दीवार गिरने से एक व्यक्ति घायल हो गया। दक्षिण कोलकाता के ढाकुरिया, पार्क सर्कस और बालीगंज जैसे इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया, जबकि टॉलीगंज और कवि नजरूल स्टेशनों पर मेट्रो रेलवे शेड उड़ गए। उपनगरीय सियालदह दक्षिण खंड में एहतियात के तौर पर रेलवे सेवाएं पहले ही निलंबित कर दी गई हैं, जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी रविवार को अपराह्न 12 बजे से सोमवार सुबह 09 बजे तक के लिए बंद कर दिया गया है। कुल मिलाकर 340 घरेलू और 54 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं।

## संक्षिप्त समाचार

### 'गोवंश अभ्यारण योजना' मील का पत्थर साबित होगी : चंद्रशेखर साहू

**नवापारा राजिम ( विश्व परिवार )।** प्रदेश की विष्णुदेव सरकार द्वारा प्रदेश के गौठानों को गोवंश अभ्यारण में बदलने का निर्णय लिया गया है। इस पर पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने खुशी जताते हुए कहा कि गौ माताओं की सुरक्षा, सुविधा और संवर्धन के लिए यह योजना मील का पत्थर साबित होगी। इसके अलावा इस योजना के तहत युवाओं और महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जाएगा। सीधे तौर पर कहा जाय तो गोवंश अभ्यारण रोजगार केंद्र के ग्रुप में विकसित किया जाएगा। यानि इस योजना से 'एक पंथ दो काज' वाली कहावत चरितार्थ होगी। श्री साहू ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा गोवर्धन योजना विशुद्ध रूप से गौ माता की सेवा करने के लिए यह योजना लाई जा रही है और जिसके बेहतर परिणाम भविष्य में दिखाई देंगे। अंत में श्री साहू ने कहा कि जब वे प्रदेश के कृषि और पशुपालन मंत्री थे, तो उन्होंने भी गौ सेवा के लिए ऐसी ही योजना लाई थी, जिसके सकारात्मक परिणाम भी सामने आए थे क्योंकि योजना का उद्देश्य पवित्र था। भूपेश सरकार में गौ माता की दुर्दशा देखकर मन व्यथित हो जाता था, लेकिन अब विष्णु देव साय सरकार के कार्यकाल में एक बार फिर से गौ माताओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।



### गरियाबंद जिला के पदाधिकारीयों का दिल्ली लोकसभा चुनाव मे जोरदार प्रदर्शन



**राजिम ( विसं )।** गरियाबंद जिला से राजिम एवं बिंद्रानावगढ़ के पदाधिकारी, सियाराम ठाकुर, सेवाराम साहू, महेश यादव, चमन यादव, लोकेश साहू, भागीरथी निषाद ने दिल्ली में 25 मई को होने वाले 6 वें चरण के मतदान में, दिल्ली के दक्षिण लोकसभा मे आम आदमी पार्टी के सांसद प्रत्याशी सहीराम पहलवान के पक्ष मे दिल्ली एवं हरियाणा के बदरपुर बार्डर मे जोरदार चुनाव प्रचार किए, साथ ही चुनाव प्रचार के बाद, राज्य सभा सांसद, आम आदमी पार्टी के शेर संजय सिंह से सौजन्य मुलाक़ात किए।

### तंबाकू निषेध दिवस पर मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन, पंजीयन की अंतिम तिथि 30 मई

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** 31 मई 2024 को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी तंबाकू निषेध दिवस को भारत सरकार से प्राप्त निर्देशानुसार थीम बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना Protection Children From Tobacco Industry Interference पर मनाया जाएगा। जिस हेतु बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाते हुए तम्बाकू उत्पादों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा 31 मई को आयोजित विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर विविध जागरूकता कार्यक्रम के तहत मॉडल बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में बच्चों को तम्बाकू उद्योगों के हस्तक्षेप से बचाना विषय पर मॉडल तैयार कर इच्छुक प्रतिभागी स्थान कार्यालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (नगर भवन के सामने) में जमा कर सकतें हैं। प्रतियोगिता में कोई भी व्यक्ति सम्मिलित हो सकता है। प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ मॉडल प्रस्तुत करने वाले प्रतिभागी को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार सहित प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार प्रदान करने का प्रावधान भी किया गया है।

## कलेक्टर संजय अग्रवाल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की ली बैठक

**राजनांदगांव ( आरएनएस )।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में लोकसभा निर्वाचन 2024 की मतगणना के संबंध में अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन अभिकर्ताओं की बैठक ली। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव की मतगणना के लिए तिथि, समय एवं स्थान निर्धारित किया गया है। मतगणना 4 जून 2024 को सुबह 8 बजे से शुरू की जाएगी। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतगणना कक्ष में शांति व्यवस्था बनाये रखने कहा। जिससे मतगणना कार्य शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न संपन्न कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिन गणना अभिकर्ता की नियुक्ति जिस विधानसभा गणना कक्ष के लिए हुई है उसी गणना कक्ष में बैठना सुनिश्चित करेंगे। मतगणना कक्ष के द्वार पर शीतल पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाएगी। अभ्यर्थियों, निर्वाचन अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधि तथा उद्घोषणा हेतु एक पृथक हॉल रखा गया है। जहाँ चक्रवार मतगणना के परिणाम से अवगत कराया जायेगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि मतगणना स्थल पर तीन स्तर की सुरक्षा व्यवस्था रखी गई है। सबसे भीतरी स्तर पर केन्द्रीय पुलिस बल, मध्य स्तर पर विशेष सशस्त्र बल तथा सबसे बाहरी स्तर पर जिला पुलिस बल की तैनाती की गई है। अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणना अभिकर्ता, मीडिया प्रतिनिधियों को कृषि उपज मण्डी प्रांगण से होकर प्रवेश करना है। मतगणना में लगे अधिकारी एवं कर्मचारी फल मण्डी की ओर से प्रवेश करेंगे। मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु पृथक-पृथक रंगों के परिचय पत्र जारी किये गये हैं। गणना अभिकर्ताओं हेतु सफेद रंग का परिचय पत्र जारी किया गया है। जिसे मतगणना के दिन लगाकर आना अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता को पूर्व में जारी किये गये परिचय पत्र के आधार पर प्रवेश की पात्रता होगी। मतगणना स्थल पर कैल्कुलेटर, लैपटॉप, आईपैड, मोबाईल, कैमरा, स्मार्ट वॉच, अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण, पान, बिड़ी, सिगरेट, गुटखा एवं अन्य मादक पदार्थ प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना हेतु प्रत्येक विधानसभा में 14 टेबल, 2 एआरओ टेबल पर एक-एक गणना अभिकर्ता नियुक्त करने हेतु फार्म 18 में 31 मई 2024 के पूर्व संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। विधानसभा क्षेत्र 71-पंडरिया तथा 72-कवर्धा हेतु 21 टेबल, 3 एआरओ टेबल लगाये गये हैं। इसके लिए गणना अभिकर्ता नियुक्त कर सकते हैं। केन्द्र सरकार या राज्य सरकार के मंत्री, संसद सदस्य या विधानसभा सदस्य, नगर पालिका के मेयर या जिला परिषद, पंचायत संघ के चेयर पर्सन, केन्द्रीय उपक्रमों, राज्य उपक्रमों, सरकारी निकायों, निगम के चेयर पर्सन और सदस्य, सरकार से सालाना वेतन पाने वाले या किसी भी सरकार से सहायता प्राप्त संस्थान में पार्ट टाईम काम करने वाले व्यक्ति, पैरा मेडिकल स्वास्थ्य स्टॉफ आगनबाड़ी कर्मचारी, उचित मूल्य दुकान के डीलर, सरकारी सेवा में होने वाला व्यक्ति, केन्द्र अथवा राज्य द्वारा सुरक्षा कवर प्राप्त व्यक्ति गणना अभिकर्ता के रूप में नियुक्त नहीं किया जा सकेगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बताया कि डाक मतपत्र की गणना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र मुख्यालय राजनांदगांव में होगी। डाक मतपत्र की गणना हेतु 4 चार टेबल लगाये जायेंगे। सेवा निर्वाचकों से प्राप्त डाक मतपत्रों की स्कैनिंग सुबह 8 बजे से प्रारंभ की जायेगी। प्रत्येक अभ्यर्थी को अपने गणना अभिकर्ता हेतु पेयजल एवं भोजन की आपूर्ति करने हेतु प्रत्येक विधानसभा के लिए 2-2 प्रतिनिधि नियुक्त करने की अनुमति दी जायेगी। प्रत्येक विधानसभा के मतगणना कक्ष तथा पोस्टल बैलेट कक्ष में सीसीटीव्ही कैमरा लगाया गया है। उन्होंने कहा कि 4 जून 2024 को सुबह 6 बजे जिला कोषालय राजनांदगांव स्थित डाक मतपत्र स्ट्रांग रूम खोले जाने तथा डाक मतपत्रों को सीलबंद बॉक्स में मतगणना स्थल तक परिवहन किये जाने की सूचना सभी अभ्यर्थियों को दी गई है। ईव्हीएम स्ट्रांग रूम सुबह 7 बजे खोला जाएगा। जिसकी सूचना अभ्यर्थियों को दी गई है। मतगणना स्थल के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र को पैदल क्षेत्र घोषित किया गया है। मतगणना स्थल पर मतगणना दिवस को धारा 128 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत गोपनीयता बनाये रखने की शपथ मतगणना में संलग्न सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, अभ्यर्थी, अभिकर्ताओं को लेना होगा। विधानसभा क्षेत्र 71 - पंडरिया में 19 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 72 - कवर्धा में 20 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 73 - खैरागढ़ में 21 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 74-डोंगरगढ़ (अजा) में 20 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 75 - राजनांदगांव में 16 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 76 - डोंगरगांव में 18 राउण्ड, विधानसभा क्षेत्र 77-खुज्जी में 19 राउण्ड एवं विधानसभा क्षेत्र 78 - मोहला-मानपुर में 17 राउण्ड में ईव्हीएम मशीनों की गणना की जायेगी।

संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव के अंतर्गत कबीरधाम जिले के लिए आदर्श कृषि उपज मंडी समिति बिलासपुर रोड कवर्धा में मतगणना किया जाएगा। खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउस पिपरिया खैरागढ़ में मतगणना किया जाएगा। राजनांदगांव जिले के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन बसंतपुर कैम्पस राजनांदगांव में मतगणना किया जाएगा तथा मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के लिए शासकीय लाल श्याम शाह महाविद्यालय मोहला में मतगणना की जाएगी। मतगणना की तैयारियों के संबंध में मॉक ड्रील जिला कबीरधाम में 3 जून 2024 को अपरांह 4 बजे, जिला राजनांदगांव, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं जिला मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 2 जून 2024 को सुबह 7 बजे से संबंधित मतगणना स्थल पर की जाएगी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री खेमलाल वर्मा, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि श्री सुरेश एच लाल, श्री रमेश पटेल, श्री अरूण शुक्ला, श्री रूपेश दुबे, श्री दिनेश शर्मा, श्री करमान अली, श्री जितेन्द्र सिन्हा उपस्थित थे।

## अग्निकांड से बचाव के लिए रखें पूरी तैयारी : कलेक्टर

**रायपुर ( आरएनएस )।** प्रतिदिन बढ़ते तापमान एवं हाल की अग्नि दुर्घटनाओं को ध्यान में रखकर अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय द्वारा दिये गए दिशा- निर्देशों के अनिवार्य व्यवहारिक परिपालन की दृष्टि से रायपुर जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन के तहत देवेन्द्रनगर में सिटी सेंटर माल की अग्नि सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण किया.

निर्देश दिये गए कि अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जाँच करवाकर कोई कमी मिलने पर उसे तत्काल ठीक करवाना सुनिश्चित किया जाये. इसमें अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय के दिशा-निर्देशों का परिपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गए। इसी प्रकार नगर निगम जोन 6 नगर निवेश विभाग की टीम ने अवधपुरी भाठागांव में शक्ति हॉस्पिटल के अग्नि सुरक्षा उपकरणों का निरीक्षण कर उन्हें अग्नि सुरक्षा उपकरणों की जाँच एवं समीक्षा करते हुए इसमें कोई कमी मिलने पर उसे तत्काल दूर करवाने एवं अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय के सभी दिशा ङ्क निर्देशों का अनिवार्य परिपालन सुनिश्चित करने निर्देश दिये गए. अन्यथा की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गयी है।

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज संस्मरण पर लघु नाटिका का किया मंचन



**जयपुर ( विश्व परिवार )।** श्रमण संस्कृति संस्कार शिविर गायत्री नगर, महारानी फार्म जयपुर के तत्वावधान में 26 मई रविवार को सायं आचार्य श्री विद्या सागर जी महाराज के संस्मरण /जीवन पर आधारित एक लघु नाटिका का मंचन शिक्षण शिविर में भाग लेने वाले लगभग 32 बालक/बालिकाओं के द्वारा किया गया।

शिविर की मुख्य संयोजक मंजू जैन सेवा वालों ने अवगत कराया की नाटिका के मंचन से पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान महावीर स्वामी के चित्र के समक्ष मन्दिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा,उपाध्यक्ष अरूण शाह, मंत्री राजेश बोहरा, सुनीला झांझरी,उदयभान जैन एवं धर्म जागृति संस्थान के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री संजय जैन बडजात्या कामां ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंगलाचरण शिविर शिक्षिका प्रमिला जैन,किरण बिल्टी वाली, पिंकी पाटनी,बिमला जैन एवं संयोजिकाओं ने किया। नाटिका का निर्देशन श्रमण संस्कृति संस्कार संस्थान, सांगानेर,से आयी देशना दीदी द्वारा किया गया है तो आचार्य श्री के जीवन को मंच पर शिविरार्थियों द्वारा जीवंत प्रस्तुत किया गया। आचार्य ज्ञान सागर द्वारा पद त्याग,मुनि विद्यासागर को आचार्य पद प्रदान करना एवं समाधि को देखकर उपस्थित सभी की आंखें नम हो गई। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति, युवा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन, शिविर संयोजक अनीता बडजात्या, सुनीता काला ने देशना दीदी ने आयुषी दीदी का सम्मान वस्त्र भेंट कर किया। पुण्यार्जक परिवार सुनीला झांझरी, एवं आलोक प्रमिला,अरूण-ज्योतिशाह परिवार का भी स्वागत किया गया। मंदिर परिसर के तलघर में भारी संख्या में साधर्मी लोगो ने नाटिका को बहुत सराहना की। मंच संचालन मंजू सेवा वाली, अरूण शाह ने किया।

ज्ञात रहे कि इस वर्ष 50 से अधिक स्थानों पर श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा आचार्य श्री विद्यासागर को समर्पित कर श्रावक संस्कार शिविरों का आयोजन विविध मंदिरों में किया जा रहा है।

## चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन सीआईओ द्वारा अल फलाह टावर में चल रहे 8 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** चिल्ड्रन इस्लामिक ऑर्गेनाइजेशन सीआईओ द्वारा बैरन बाज़ार स्थित अल फलाह टावर में चल रहे 8 दिवसीय समर कैंप का समापन समारोह कल वृंदावन हॉल सिविल लाइन में हुआ। इस समापन समारोह में बच्चों के साथ उनके माता-पिता भी शामिल हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता जमात ए इस्लामी हिंद के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शाफिक अहमद साहब ने की उन्होंने बच्चों को मुबारकबाद दी और बच्चों को समर कैंप कामयाब होने की मुबारकबाद दी और साथ ही लाइफ में आगे क्या करना है इसके लिए अहम टिप्स दीए, इस समापन समारोह में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिसमें तिलावत ए कुरान, हदीस, नात, सीआईओ का तराना, ड्रामा और भी बहुत से एक्टिविटीज जो बच्चों ने समर कैंप में सीखा था वह यहां प्रस्तुत किया।

इस कार्यक्रम में कक्षा दसवीं और बारहवीं में टॉपर्स रहे बच्चो को मोमेंटो देकर उनका हौसला अफजाई किया गया,

कक्षा दसवीं में सैयद नमरा जिन्होंने 91.4 प्रतिशत लए और कक्षा 12वीं में महक परवीन ने भी 91.2 प्रतिशत लाए। समर कैंप में शामिल होने वाले सभी बच्चों को सर्टिफिकेट और गिफ्ट दिया गया। अंत में जमात ए इस्लामी ए इस्लामी हिन्द शहर अध्यक्ष उबैद खान ने सभी का आभार व्यक्त किया। समर कैंप के ऑर्गेनाइजर मोहतरमा फाकरा तबस्सुम साहिबा और जवेरिया साहिबा ने बच्चों की हौसला अफजाई किया और उन्हें इस कैंप में शामिल होने के लिए मुबारकबाद दी।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जाअमत के वॉलिंटियर्स अज़हर, तूफैल कुरैशी, हैदर, शयान, अर्मुगान, वाएजा नामरा, सादिया यार खान, असलम, सरदार साहब ने अहम भूमिका निभाई जिसमें। कार्यक्रम का मंच संचालन जनाब सोहैब अख्तर साहब ने किया।

## 16 जून को यादव ठेठवार समाज का वार्षिक अधिवेशन सम्पन्न होगा



**रायपुर ( विश्व परिवार )।** यादव ठेठवार समाज मुख्य कार्यकारणी का बैठक राज मुख्यालय महादेवघाट रायपुर में समपन्न हुआ, जिसमे समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए मुख्य रूप से परिचर्चा किया गया एवँ समाजहित में तत्काल प्रभाव सकारात्मक कदम उठाये गए। जिसमे मुख्य रूप से आने वाले 16 जून 2024 को वार्षिक अधिवेशन, समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का सम्मान, नवनिर्मित भवनों का लोकार्पण, एवँ वार्षिक अधिवेशन को सफल बनाने हेतु 17 पार अध्यक्षों को अपने अपने परिचेत्र से 2 नग चारपहिया वाहन व्यवस्था करने का अपील किया गया। ज्ञात हो यादव ठेठवार समाज रायपुर राज समाज के विकास एवँ उत्थान के लिए हमेशा नवाचार करते आ रही है, इसी कड़ी में समाज प्रमुखों एवँ स्वजातीय कुटुंभजनो द्वारा समाज के विकास, उत्थान, एवँ स्वजतीयजनों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से समाजिक भूमि पर 17 दुकान नवनिर्माण करने हेतु भूमिपूजन किया गयाए, जो कि समाजिक व्यवसायिक गतिशीलता में वृद्धि एवँ विकास मार्ग में सहायक सिद्ध होगा। वहीं शिक्षा समाज विकास के किस स्तर पर है, यह शैक्षणिक स्तर निर्भर करता है, शिक्षा का प्रमुख कार्य मनुष्य के बौद्धिक, शारीरिक, समाजिक, भावनात्मक का समुचित विकास करना है, शिक्षा के बढ़ता हुआ प्रभाव समाजिक विकास में हमेशा सहायक रहा है इसलिए समाज द्वारा दसवीं एवं बारहवीं के मेघावी छात्र-छात्राएँ जो 75 प्रतिशत से अधिक अंक दर्ज कर उत्तीर्ण हुए है उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बैठक के अवसर पर 17 राजपार के प्रमुख पदाधिकारी एवँ कुटुंभजन मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार ( विश्व परिवार )।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किया गया है। आवेदन मंत्रालय द्वारा जारी वेब साईट htpp://awards.gov.in पर किया जा सकता है। साथ ही आवेदन की एक प्रति महिला एवं बाल विकास विभाग संयुक्त जिला कार्यालय कक्ष क्रमांक 83 में भी उपलब्ध करा सकते हैं।

पुरस्कार के लिए पात्रता- बालक भारतीय नागरिक व भारत का निवासी हो। सम्बंधित वर्ष के 31 जुलाई को बालक का उम्र 5 वर्ष से कम व 18 वर्ष से अधिक न हो।बालक के उत्कृष्ट कार्य/घटना/उपलब्धि आवेदन की अंतिम तिथि (31 जुलाई 2024) से विगत 02 वर्ष के अंदर की हो।

आवश्यक दस्तावेज -मामले का एफआईआर कॉपी। समाचार में प्रकाशित खबर की पेपर कटिंग। वीरता प्रमाण पत्र सत्यापित प्रति।बच्चे का आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं अंकसूची की छायाप्रति।

ज्ञातव्य है कि भारत के असाधारण क्षमता वाले बच्चों को उचित प्रोत्साहन देने हेतु उनके द्वारा बहादुरी, खेल, सामाजिक सेवा, विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी, पर्यावरण, कला व संस्कृति, नवाचार के क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धि हासिल किए जाने पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 दिसंबर को बालवीर दिवस पर घोषित किया जाता है। इसके तहत 25 या न्यूनाधिक विजेता बच्चों को एक मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है।

## डोंगरगढ़ पुलिस ने बिछड़े को अपनों से मिलाया

**डोंगरगढ़ ( आरएनएस )।** पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति. पुलिस अधीक्षक राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी डोंगरगढ़ आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सीआर चन्द्रा द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र.- 62/2024 अपराध क्र.- 295/2024 धारा- 363 भादवि के नाबालिग अपहृता जो दिनांक 22.05.2024 को घर से बिना बताये चली गई थी जिसे आज 27.05.2024 को डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा परिजन के मदद से बरामद कर नाबलिग अपहृता से महिला पुलिस अधिकारी द्वारा पुछताछ किया जो टेञ में बैठकर उज्जैन मप्र चली जाना जहां से भगवान महाकाल का दर्शन कर वापस आना बताई व अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताई। जिसे उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।


## कार्यालय संपदा अधिकारी

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
पांचवॉ तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पूर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
फोन नं.-0771-4016094 E-mail ID:- 1 em-zone2@yahoo.com

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भू-खण्ड/भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अन्दर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

| क्र. | आबंटी का नाम | पिता/पति का नाम | आयु | कॉलोनी का नाम | भू-खण्ड/भवन क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | डॉ. अनिल गोस्वामी | स्व. श्री भगवान दास गोस्वामी | 72 | सेक्टर-27, नवा रायपुर अटल नगर | पी4बी-735 |
| 2. | श्री संदीप कुमार यदु | श्री लक्ष्मी नारायण यदु | 48 | -- तदैव -- | एफ-2ए-34 / 563 |
| 3. | श्रीमति शिल्पा चन्द्रवंशी | श्री आशु चन्द्रवंशी | | -- तदैव -- | एफ-2ए-37 / 204 |
| 4. | श्री धिरपाल सिंह वर्मा | स्व. श्री बंशी लाल वर्मा | 69 | -- तदैव -- | एफ-2सी-20 / 306 |
| 5. | श्री मनोज सिन्हा | श्री सुखचैन प्रसाद सिन्हा | | -- तदैव -- | एफ-3बी-39 / 501 |

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना,
नवा रायपुर, अटल नगर, जिला- रायपुर



### कार्यालय नगर पालिका परिषद कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)

### ।। दावा आपत्ति सूचना ।।

**क्रं. / 438 / राज.वि. / नामां. / 2024**
**कुम्हारी, दिनांक 27/05/2024**

नगर पालिका परिषद कुम्हारी में अपने स्वयं के भवन/भूमियों को क्रय-विक्रय किया जाकर नगर पालिका अभिलेख में नाम परिवर्तन करने हेतु निम्नानुसार आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त प्रकरणों पर नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत् नामांतरण किये जाने पर यदि किसी भी व्यक्ति / संस्था / समुदाय को आपत्ति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने की तिथि से 30 दिन के अन्दर लिखित में नगर पालिका कार्यालय में अपना दावा / आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। भवन/भूमि नामांतरण संबंधी विवरण निम्नानुसार है :-

**हस्तांतरणकर्ता का नाम व पता-** श्री प्रशांत गोलछा, पिता प्रकाश गोलछा, वार्ड क्र.-13, कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)।

**हस्तांतरिती का नाम व पता-** श्री अभय नारायण शर्मा, पिता श्री महेन्द्रनाथ शर्मा, वार्ड क्रं.-13, कुम्हारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.)।

**भवन/भूमि का विवरण-** खसरा क्रं.- 15008/17, क्षेत्रफल 1000 वर्गफीट, भूखण्ड क्र- 1870, अविनाश ट्वीन सिटी, वार्ड क्रं.- 13 कुम्हारी, जिला- दुर्ग (छ.ग.)।

**नामांतरण का आधार-** विक्रय अभिलेख के आधार पर।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद कुम्हारी**



### PUBLIC NOTICE

**NOTICE U/S 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT 1932**

It is hereby notified that the constitution firm **"Inter Dominion Transport Company"**, Raipur has undergone a change whereby **Smt. Devi Jhunjhunwala** ceased to be partner due to her death on 27/09/2023 and **Shri Aryan Jhunjhunwala**, Raipur has joined the partnership on 27/09/2023 as incoming partner.

Place : Raipur
Date : 27-09-2023

For, Inter Dominion Transport Company
(Sanjay Jhunjhunwala)
Partner



## आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शंकर नगर वार्ड क्र. 31, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल रायपुर प.ह.नं. 110 रा.नि.म. रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) खसरा नं. 37/6, 37/7, 38, 39 के भाग पर स्थित मकान नं. 428, मेसनेट नं. 1, सेक्टर-1 शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.), क्षेत्रफल 156.80 वर्गमीटर याने 1688 वर्गफुट भूमि एवं उसपर निर्मित एक मंजिला मकान, जो भूतल पर 46.20 वर्गमीटर याने 497 वर्गफुट भूमि तथा प्रथम तल पर 50.10 वर्गमीटर याने 539 वर्गफुट पर निर्मित है, जिसे आगे 'वादग्रस्त भूमि एवं मकान', से संबोधित किया जायेगा, को मेरे पक्षकार आर. संगीता के स्त्रीधन से 13.11.2006 उसके पति श्री पी. उदय कुमार के नाम पर क्रय किया गया था और क्रय दिनांक से ही उक्त मकान पर मकान टैक्स एवं अन्य आवश्यक खर्च मेरे पक्षकार एवं उसके पुत्रों द्वारा वहन किया जाता रहा है। मेरे पक्षकार और उसके पति- पी. उदय कुमार के मध्य पारिवारिक वाद-विवाद चल रहा है और मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय से वाद दायर प्रस्तुत कर दिया गया है। **श्रीमान विजय कुमार मिंज, द्वितीय अतिरिक्त जिला न्यायाधीश, रायपुर ( छ.ग. ) के विविध व्यवहार अपील प्रकरण क्र. 16/2024 आर. संगीता विरूद्ध पी. उदय कुमार में पारित आदेश दिनांक 10.05.24** द्वारा वादग्रस्त भूमि एवं मकान को श्री पी. उदय कुमार द्वारा किसी भी अन्य व्यक्ति या संस्था को क्रय या अंतरण करने के संबंध में व्यवहार वाद प्रकरण 333 ए /2023 का प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2, रायपुर द्वारा अंतिम निराकरण होने तक अस्थायी रूप से निषेधित किया गया है और छ.ग. हाऊसिंग बोर्ड के कार्यालय में उक्त मकान के खरीदी-बिक्री के लिए एन.ओ.सी. न दिए जाने के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा आवेदन दिया जा चुका है। यदि मेरे पक्षकार की सहमति व जानकारी के बिना उक्त मकान की खरीदी-बिक्री की स्थिति होती है तो संबंधित को वादग्रस्त भूमि एवं मकान का हक, स्वामित्व व रिक्त कब्जा प्राप्त नहीं होगा तथा न्यायालयीन प्रकरण में संबंधित को पक्षकार बनाया जायेगा। उपरोक्त बवादग्रस्त भूमि एवं मकान के संबंध में कोई भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय या अर्द्धशासकीय विभाग अथवा किसी बैंक का मेरे पक्षकार के पति उदय कुमार के साथ खरीदी-बिक्री अन्यथा अंतरण के संबंध में इकरारनामा या बयनामा पंजीयन की कार्यवाही ना करे तथा सूचना प्रकाशन के पश्चात् उक्त वादग्रस्त भूमि एवं मकान के संबंध में खरीदी-बिक्री, इकरारनामा, अन्यथा अंतरण किये जाने पर मकान का खाली कब्जा प्राप्त नहीं हो सकेगा और इस संबंध में किया गया किसी भी प्रकार का इकरारनामा, पंजीकृत बैनामा निष्पादित किये जाने पर वह पूर्णतः शून्य एवं अवैध होगा तथा मेरे पक्षकार पर किसी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जाने।

रायपुर ( छ.ग. )
दिनांक : 27.05.2024

श्रीमती अचला श्रीवास्तव अधिवक्ता,
शैलेश मिश्रा, आनंद बक्शी, शिखर श्रीवास्तव
( अधिवक्तागण )
रायपुर ( छ.ग. ), मो.नं. 9300403564

## समर कैम्प में प्राथमिक/माध्यमिक विद्यालय बडे हरदी एवं झुलनपाली के बच्चे सीख रहें हैं नवाचारी गतिविधियां

### बच्चों में इस कैंप के प्रति भारी उत्साह देखा गया है




**रायगढ़(विश्व परिवार)।** विकासखंड पुसौर अंतर्गत संकुल बड़े हरदी के सभी स्कूलों में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों में इस कैंप के प्रति भारी उत्साह देखा गया है। प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय बड़े हरदी, झुलनपाली के बच्चे भाग ले रहे है इस समर कैंप में बच्चों की मानसिकता एवं उनके कार्य शैली के आधार पर उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाया जा रहा है। जिससे उनके सर्वांगीण विकास में मदद मिलेगा। यह समर कैंप सुबह 7 से 9.30 बजे तक संचालित हो रहा है, जो कि जिले के निर्देशानुसार 20 मई से 30 मई 2024 तक संचालित हो रहा है। समर कैम्प में योग, शारीरिक शिक्षा, पुस्तक वाचन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रति दिवस अलग-अलग गतिविधियों जैसे कविता, मेहंदी लगाना, नृत्य, गायन, वेशभूषा, ड्राइंग, पेंटिंग, चित्रकला, रंगोली, स्पोकन इंग्लिश, स्वास्थ्य, स्वच्छता, हस्त लेखन, गणितीय गतिविधियों के द्वारा कैंप को आकर्षक और उपयोगी बनाया जा रहा है। संकुल के सभी शिक्षक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश पटेल एवं संकुल समन्वयक शान्तनु पंडा के नेतृत्व में विशेष रुचि ले रहे हैं। इस तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश का शिक्षक प्रवीण गुप्ता, अदिती सिदार, मंजू देवी पटेल, अनुपमा साव, घनश्याम गुप्ता, कमलेश्वर पटेल द्वारा समर कैम्प का सदुपयोग किया जा रहा है। कैंप में विभिन्न स्कूलों के लाभान्वित छात्र-छात्राओं में माध्यमिक शाला बड़े हरदी से नेहा चौहान, लतिका साव, भूमिका साव माही चौहान, मनीष साव, सुनयना निषाद राजेश साव, उमा चौहान, सिद्धि चौहान, प्रियांशु चौहान प्राथमिक शाला बड़े हरदी से आलिया सिदार, लीना साव, नैतिक साव, श्रिया यादव, ईश्वर यादव, नीलिमा चौहान, आर्यन यादव, आदित्य निषाद, नमन साव, खिरोज़ यादव, भरत लाल साव एवं प्राथमिक शाला झूलनपाली से देवनारायण साव, मनीष पाव, अमन साव, सुमंत साव शामिल है।

## कटघोरा में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा के अटल बिहारी वाजपेयी ओपन रोवर क्रू व नर्मदा परमार्थ आश्रम जलेश्वर, अमरकंटक द्वारा में रक्तदान शिविर अयोजन गोपाल मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल मेला ग्राउण्ड तालाब कटघोरा में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज लगाया गया। शाम तक इसका संचालन होगा। 200 यूनिट रक्त का संग्रह इस शिविर से किया जाना है। जरूरतमंद जिंदगियों को इसे उपलब्ध कराया जाएगा। रक्तदान को बढ़ावा देने और लोगों में जागरूकता का वातावरण निर्माण करने के उद्देश्य से यह शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नि:शुल्क चिकित्सा परीक्षण भी अनुभवी डॉक्टरों द्वारा किया गया। अटल बिहारी बाजपेयी ओपन क्रू मेंबर अधि. अमित धृतलहरे ने बताया कि रक्तदान शिविर में कटघोरा के डॉ.एस.एस सभरवाल एम.डी. मेडिसिन डॉ. चित्रसेन कांत एम.बी.बी.एस जनरल फिजिशियन डॉ. सपना खैरवखार गायनेकोलॉजिस्ट डॉ.जी.बी. गोस्वामी पी.टी. (बी.पी.टी.) डायरेक्टर गोपाल हॉस्पिटल द्वारा निरूशुल्क स्वास्थ संबंधी परामर्श दिया। ओपन क्रू संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई उपयोगी उपहार भी दिए गए ताकि इसके माध्यम से बेहतर संदेश दिया जा सके। जन सामान्य की जानकारी के लिए स्वास्थ्य विभाग लगाता बताता रहा है कि कोई भी स्वस्थ व्यक्ति 18 से 55 वर्ष की आयु तक रक्तदान करने के लिए पात्र हैं। ऐसे लोग हर तीन महीने में रक्तदान कर सकते हैं। अर्थात वे वर्ष में 4 बार आपात स्थिति में रक्तदान करने की पात्रता रखते हैं।

## लॉज में चल रहे सेक्स रैकेट का पुलिस ने किया भांडाफोड़

**रायगढ(विश्व परिवार)।** जिले के खरसिया थाना पुलिस के टीम ने एक लॉज में दबिश देकर सेक्स रैकेट का पर्दाफाश किया है। बताया जा रहा है कि मौके से 3 युवतियों के साथ 3 लड़को को आपत्तिजनक हालत में पकड़ गया है। पुलिस ने मौके से लॉज के मालिक को भी पकड़ा है। लॉज की आड़ में चल रहे सेक्स रैकेट का खुलासा होने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। बता दें कि पुलिस को क्षेत्र के एक लॉज में सेक्स रैकेट संचालित होने की जानकारी मिली थी। पुलिस को ये जानकारी मिली थी कि बाहर से कॉलगर्ल इस लॉज में आकर रूकती है, इसके बाद ग्राहकों को लड़कियां लॉज में ही उपलब्ध करायी जाती थी। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद खरसिया थाना प्रभार संभाल रहे प्रशिक्षु आईपीएस आकाश श्रीमन, एएसपी आकाश मरकाम ने आज लॉज में लड़कियों के पहुंचने की जानकारी के बाद दोपहर के वक्त रेड किया गया। बताया जा रहा है कि पुलिस ने मौके से तीन लड़कियों के साथ 3 लड़कों को आपत्तिजनक हालत में मौके से पकड़ा है। लॉज के कमरों से कई आपत्तिजनक सामान भी बरामद कर पुलिस ने जब्त किया है। बताया जा रहा है कि इस खुलासे के बाद पुलिस ने लॉज के मालिक को भी गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लॉज के सारे रिकार्ड को जब्त कर लड़कियों और लॉज के संचालक का मोबाइल डिटेल खंगाल रही है। रायगढ़ एएसपी आकाश मरकाम ने बताया कि कार्रवाई जारी है, पुलिस जल्द ही इस मामले का खुलासा करेगी।

## जंगल से भटककर गांव पहुंचा सूअर ने ग्रामीण को किया घायल

**कोरबा(विश्व परिवार)।** जंगल से भटककर हरदीबाजार कालेज के पीछे नर्सरी पहुंचे जंगली सूअर ने शनिवार को मलगांव नवासी एक गामीण को घायल कर दिया। गांव में सूअर के आने से ग्रामीणों में भय का माहौल देखा जा रहा है। हरदीबाजार से लगे ग्राम अमगांव निवासी दिलराज सिंह तंवर उम्र 58 वर्ष हरदीबाजार शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय में कार्यरत है। प्रतिदिन की तरह वे सुबह लगभग 6ण्30 बजे गाय के लिए बाड़ी में पैरा निकाल रहे थे। इसी दौरान एक जंगली सुअर कालेज के पीछे लगे नर्सरी की तरफ से तेज गति से दौड़ते हुए आयाए दिलराज सिंह कुछ कर पाता सुअर ने उसपर जानलेवा हमला कर दिया। दिलराज सिंह अपनी जान बचाने के लिए उस जंगली सुअर से भिड़ गयाए जंगली सुअर ने अपने मुंह से दिलराज सिंह के दोनो हाथों की उंगलियों को बुरी तरह काट लिया, इस दौरान अन्य लोग भी आ गए। इस दौरान सुअर हमला कर कालेज पीछे नर्सरी की ओर भाग गया। घायल ग्रामीण को हरदीबाजार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाकर भर्ती किया जहां उपचार जारी है। बताना होगा कि रेकीए अंडीकछार, नेवसा जंगल जो हरदीबाजार से लगे हुऐ हैं इनका क्षेत्र कटरा, अद्राली, चोढ़ा, खोंदरा जंगल से जुड़ा हुआ है। वहीं जंगली सुअर, बंदर, हिरन बीच-बीच में आबादी क्षेत्र में भोजन पानी की तलाश में भटकते हुए पहुंच जाते हैं।

## तीन महिलाओं से 102 लीटर शराब जब्त आबकारी विभाग की कार्रवाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार कोशिश की जा रही है। आबकारी विभाग की ओर से कटघोरा सबडिवीजन के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। वित्त वर्ष 2024 में विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई। हरदी बाजार पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रलिया मैं अब शराब बनाने के बारे में काफी समय से सूचना मिल रही थी जिस पर संज्ञान लेने के साथ इसकी पुष्टि कराई गई । उपरोक्तानुसार यहां की निवासी गीताबाई, प्रेमलता, एवं देवनबाई को आबकारी एक्ट के तहत जेल भेजा गया इनके पास से लगभग 102 लीटर महुआ शराब जप्त किया गया। इस कार्रवाई में आबकारी उप निरिक्षक डाक्टर सुकांत पाण्डेय, श्रीमती दीपमाला नागदेव, मुख्य आरक्षक अजय तिवारी, शिव वैष्णव, नगर सैनिक राजेश दूबे, अंबिका सांडे,प्रजेश सिंह एवं दीपिका सिंह ने अपनी भूमिका निभाई। विभाग के अधिकारी ने बताया कि इससे पहले भी अनेक स्थानों पर कार्रवाई की गई है और अवैध शराब के साथ-साथ संबंधित सामग्री को जप्त करने व नष्ट करने की कार्रवाई की गई है। कोरबा जिले के पतरापाली गांव में महुआ शराब बनाने और बेचने का काम काफी समय से चल रहा है। कटघोरा विकासखंड के जंजीरा ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम पतरापाली मैं अधिकांश घरों में शराब बनाने का काम चल रहा है। सामूहिक एकजूटता से इस काम को करने की जानकारी मिली है। याद रहे 2 वर्ष पहले एक सूचना पर आबकारी विभाग की टीम ने यहां पर दबिश दी थी और कुछ लोगों को बड़ी मात्रा में शराब के साथ पकड़ा था। उसे दौरान ग्रामीणों ने आबकारी टीम को बंधक बना लिया था तब तत्कालीन थाना प्रभारी नवीन देवांगन को मौके पर दखल देकर हालात सामान्य कराए गए थे। यही कारण है कि इस गांव में अवैध शराब पर कार्रवाई करने से आबकारी टीम बचने का प्रयास कर रही है।

## टीपी नगर रेल्वे क्रासिंग पर दो घंटे फंसी मालगाड़ी आवाजाही बाधित से लोग हुए परेशान

### तीसरे इंजन का मिला सहारा तब हुई गंतव्य को रवाना

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कोरबा क्षेत्र में रेल सुविधा किस स्तर पर है, यह काफी समय से लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है। गिनती की यात्री गाडियां अनियमित रूप से चल रही हैं। इसके ठीक उल्टे मालगाडियों की अबाध आवाजाही के कारण शहर के हर हिस्से में परेशानियां हैं। कोयला लोड कर बालको प्लांट जा रही मालगाड़ी एक बार फिर ट्रांसपोर्ट नगर क्रासिंग पर फंस गई। इससे दो घंटे आवाजाही बाधित रही। तीसरे इंजन को रिलिफ के लिए मौके पर भेजा गया तब मालगाड़ी गंतव्य को रवाना हो सकी। इस दौरान तीन दिशा में नागरिक परेशान होते रहे। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने कोरबा का



उपयोग कुल मिलाकर कोयला लदान को अधिकतम मात्रा में करने का निर्णय ले लिया है। इसके चलते समस्याएं लगातार बढ़ रही है। कोरबा से हर 30 मिनट के भीतर मालगाडियों को रवाना किया जा रहा है जो जिले में स्थित एसईसीएल की विभिन्न परियोजनाओं से कोयला लोड करने के साथ अपने अंतिम प्वाइंट के लिए भेजी जाती है। देश के विभिन्न राज्यों के बिजली सहित दूसरे उद्योगों की जरूरत को पूरा करने के लिए स्थानीय एसईसीएल की खदानों को जिम्मेदारी मिली हुई है। अधिकतम कोयला सप्लाई और ट्रांसपोर्टिंग के लिए एसईसीएल व रेलवे के बीच एमओयू है। दोनों ही प्रतिष्ठान इसके माध्यम से भारी-भरकम कमाई करने में लगे हैं। इस पूरी प्रक्रिया में अनेक मौकों पर नियमों की अनदेखी की जा रही है और इसकी कीमत चुका रही है जिले की जनता। गर्मी के मौसम में मालगाडियों के साथ कई प्रकार की समस्याएं निर्मित हो रही है और वे सही तरीके से ट्रैक पर रन करने में समर्थ नहीं हो पा रही है। एक सप्ताह में दूसरी बार बालको की मालगाड़ी के पहियों ने ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रासिंग पहुंचने तक जवाब दे दिया। रविवार को सुबह 10 बजे स्टेशन से दो इंजन के साथ रवाना हुई मालगाड़ी बालको प्लांट को जा रही थी।

## भारी वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत इमलीछापर चैक पर अज्ञात भारी वाहन की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हो गई। घटना शनिवार देर रात हुई। हादसे में मृत एक गाय गर्भवती थी। घटना को लेकर गौ सेवको में काफी आक्रोश है। आक्रोश वाहन चालकों और गायों के पालक के खिलाफभी जो गायों को सडको पर छोड़ देते हैं। जिस वजह से वे ऐसी स्थिति में पहुंच जाते हैं। इमलीछापर चैक पर भारी वाहनों की बड़ी आपाधापी रहती है, यहां भारी वाहन कुसमुंडा खदान की ओर जाने के लिए चैक को चारो तरफसे घेर लेते है,एक ही दिशा में जाने के लिए 7 से 8 भारी वाहनों की लेन लगी रहती है,यहां इन भारीवाहनों के बीच से एक पैदल चलने वाला व्यक्ति भी नहीं निकल पाता,बाकी दुपहिया चार पहिया वाहन की बात ही छोड़ दीजिए। मजबूरन लोग बायपास का प्रयोग करते, वहां भी भारी वाहन घुस आते हैं। गौ सेवक प्रकाश शर्मा अपने साथियों के साथ चैक पंहुचे हुए है,अपने साधन से मृत गायों को उठाकर उनका अंतिम संस्कार करेंगे। प्रकाश शर्मा और उनकी टीम बीते लगभग 8 से 10 वर्षों से पूरे निरूस्वार्थ भाव से गायों की सेवा करने का कार्य कर रही है। किसी भी समय जब उन्हें इस तरह की स्थिति की सूचना मिलती है वे दौड़े चले आते हैं और सेवा कार्य में जुट जाते है।

## संक्षिप्त समाचार

### खनिज विभाग की कार्रवाई, 200 ट्रिप अवैध रेत जप्त

**कोरबा(विश्व परिवार)।** प्रदेश सहित जिले में मानसून की दस्तक के साथ ही 3 सप्ताह बाद बारिश के मौसम तक एनजीटी की गाइडलाइन के तहत नदी-नालों से रेत खनन पर प्रतिबंध लग जाएगा। इसके साथ ही वैध रेत खदान बंद हो जाएंगे। प्रतिबंधित 4 महीने के लिए होने और इस दौरान वैध भंडारण स्थल से रेत का उठाव हो जाने से हर साल उक्त अवधि के दौरान रेत की किल्लत होती है, जिसके मद्देनजर अब जिले में रेत माफिया सक्रिय होकर आउटर में जंगल व अन्य सुनसान जगह पर अवैध रेत भंडारण करने लगे हैं। इसके लिए रात के अंधेरे में नदी-नाला किनारे से अवैध रेत खनन कराया जाता है। दिन के उजाले में अवैध भंडारण का काम बंद रहता है, जिससे किसी की नजर में न आये। रेत माफियाओं द्वारा सोनपुरी, बरबसपुर, बरमपुर, बांगो, कटघोरा क्षेत्र में ऐसे अवैध भंडारण किया जा रहा है। शहर से सतरेंगा की ओर जाने वाले सोनपुरी गांव के समीप जंगल में बड़े पैमाने पर अवैध रूप से रेत का भंडारण किया गया था। इसकी जानकारी मिलने पर जिला खनिज अधिकारी प्रमोद नायक के निर्देश पर सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खूंटे ने खनिज निरीक्षक खिलावन कुल्हरिया को टीम सहित मौके पर कार्यवाही के लिए रवाना किया। टीम ने मौके पर छापा मारा तो वहां 200 ट्रिप रेत का भंडारण पाया गया। जिसे जब्त कर लिया गया हैं। अब तक चल रहा भंडारण नए गाइडलाइन में अब शहरी क्षेत्र में नगरीय निकाय रेत खदान का संचालन कर रहे हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। पोड़ी-उपरोड़ा के ग्राम पंचायत बांगो में हसदेव नदी के किनारे खुला रेत खदान पिछले साल बंद हो गया। लेकिन नदी के समीप ही मात्रा में रेत भंडारण किया गया है। लगातार हाइवा से ढुलाई के बाद भी भंडारण का रेत कम नहीं हो रहा है। सहायक खनिज अधिकारी उत्तम खुंटे ने बताया की कई जगह रेत के अवैध भंडारण की सूचना मिल रही है। बारिश के दौरान प्रतिबंधित अवधि में अवैध रेत खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफअभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही हैं।

### बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल बालक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बालको निवासी अरूण राठौर के 18 वर्षीय पुत्र की सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर मृत्यु हो गई। बताया जा रहा है कि निश्चय राठौर शुक्रवार को बाइक से बालको के सेक्टर वन क्षेत्र में गया था। जहां बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई और निश्चय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए बालको अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे कोरबा के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। यहां उपचार के दौरान शनिवार को निश्चय की मौत हो गई। घटना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर वैधानिक कार्रवाई के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया। अंतिम संस्कार सेक्टर पांच स्थित मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान काफी संख्या में स्वजनए परिचित काफी संख्या में उपस्थित रहे।

### बेटे को बचाने मां का लीवर ट्रांसप्लांट होने से पहले मासूम ने तोड़ा दम

**कोरबा(विश्व परिवार)।** लीवर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे बेटे को बचाने में एक मां ने कोई कसर नहीं छोड़ी। बेटे को बचाने एक मां ने अपनी लीवर देने को तैयार हो गईए पर लीवर ट्रांसप्लांट के पहले ही बेटे ने दम तोड़ दिया। मां का धर्म निभाते हुए बेटे के प्रति एक मां की यह समर्पण समाज के लिए आदर्श है। बेबसए लाचार और दुखी मां ने अपने लीवर फेल्योर मासूम बच्चे की जिंदगी बचाने अपना लीवर डोनेट करने का फैसला लिया और आपरेशन की तैयारी भी हो चुकी थीए लेकिन नियति को शायद कुछ और मंजूर था। मासूम प्रियांशु ने जिदगी और मौत से संघर्ष करते हुए अंततः इस दुनिया को अलविदा कह दिया। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पाली में कक्षा पांचवी के छात्र प्रियाशु 10 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 12, नगर पंचायत पाली, लीवर में गंभीर बीमारी से जूझ रहा था। उसे एम्स रायपुर में भर्ती कराकर इलाज किया जा रहा था, जहां से गहन चिकित्सा के लिए एम्स दिल्ली रेफर कियाए लेकिन स्थिति नाजुक होने के कारण एम्स दिल्ली के स्पेशलिस्ट डाक्टर एम्स रायपुर आकर बालक की मां गायत्री द्वारा डोनेट होने वाले लीवर का ट्रांसप्लांट करने वाले थे। बालक के इलाज के लिए शासन स्तर पर और अन्य माध्यम से आर्थिक मदद मिल रहा था। इंटरनेट मीडिया में मदद की अपील के बाद मानवता के लिए समर्पित जनों की ओर से मुक्त हस्त आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ। इसमें 85,101 रुपये की राशि विगत दिनों स्वजनों को घर जाकर सौंपा गया। तब स्वजनों ने बताया कि लीवर फेलवर की स्थिति में है। लीवर ट्रांसप्लांट के लिए मां का लीवर मैच हो गया है, जो लीवर डोनेट करेगी।

# संपादकीय

## अकेले महिलाओं को दोषी नहीं ठहराया जा सकता......

अमेरिका की प्रजनन दर में 2023 के दौरान 2त्न की गिरावट दर्ज की गयी है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन की ताजा रपट के अनुसार आस्ट्रेलिया में भी समान पैटर्न नजर आ रहा है। कह रहे हैं कि कोविड-19 महामारी के चरम के वक्त प्रजजन दर में अस्थाई वृद्धि देखी गयी थी। जिसे छोड़ कर अमेरिकी प्रजनन दर लगातार गिर रही है। इससे कम प्रजनन दर के मामले में जापान, दक्षिण कोरिया व इटली हैं। अमेरिका व आस्ट्रेलिया में इस वक्त प्रजनन दर 1.6 है। जबकि दक्षिण कोरिया में 0.68 रह गयी है। इन देशों में जितने बच्चे जन्म रहे हैं, उससे ज्यादा मौतें हो रही हैं। असल सवाल महिलाओं के कम बच्चे पैदा करने पर जा अटकता है। यूं भी आस्ट्रेलियाई महिलाएं दुनिया में सबसे शिक्षित हैं। पढ़ाई को काफी वक्त देने के बाद वे करियर बनाने में जुट जाती हैं। बच्चे पालना महंगा तथा समय लेने वाली जिम्मेदारी है। महिलाएं ही नहीं पुरुष भी स्थाई नौकरी व आर्थिक सुरक्षा के प्रति जागरूक हो रहे हैं। अमीर देश ही नहीं, दुनिया भर के 204 देशों और क्षेत्रों में से 155 यानी 76त्न में 2050 तक प्रजनन दर जनसंख्या प्रतिस्थापन स्तर से नीचे पहुंच जाएगी। जनसंख्या को स्थिर बनाये रखने के लिए प्रति महिला 2.1 प्रजनन दर की आवश्यकता है। चूंकि अपने यहां इस वक्त उर्वर यानी 18-35 की उम्र वालों की संख्या दुनिया में सबसे अधिक तकरीबन साठ करोड़ बतायी जा रही है। विश्लेषकों का अनुमान है कि जनसंख्या 2064 में लगभ 9.7 अरब पहुंच सकती है। मगर 2100 में यह सिकुड़ कर 8.8 अरब पर थम सकती है। प्रजनन दर में आने वाली गिरावट के लिए अकेले महिलाओं को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। यह सच है कि बच्चों के लालन-पालन में लगने वाले समय, ऊर्जा व धन को लेकर मानदंड बलदते जा रहे हैं। दूसरे देर से युवावस्था की ढलाने में हो रही शादियां व प्रजनन क्षमता में होने वाली गिरावट/दिक्कतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। बदलती जीवन-चर्या, आर्थिक दबाव, करियर की बढ़ती मांगे, प्रतिस्पर्धा आदि ने युवाओं का जेहनी सुकून छीना है। बच्चों की देखभाल की उचित व्यवस्था का अभाव भी युवाओं को परिवार बढ़ाने से विमुख करता है। यह जटिल समस्या नहीं है, इसे लाइफ स्टाइल से जोड़ कर देखा जाना चाहिए और इसे सुधारने के प्रति सभी को आगे बढ़ना चाहिए।

# खिलाड़ियों की राष्ट्रीय स्तर पर चमक....

**भूपिंदर सिंह**



इस तरह हर जिले में किसी न किसी खेल के लिए प्ले सुविधा उपलब्ध है। क्या ऐसा नहीं हो सकता है कि अच्छे प्रशिक्षकों व पूर्व खिलाड़ियों को बुलाकर शिक्षा व खेल विभाग मिलकर खेल अकादमियां खोल दें। प्रदेश के दूरदराज शिक्षा संस्थानों में भी उपलब्ध खेल सुविधा के अनुसार खेल विंग या अकादमी खुलनी चाहिए वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश को लंबी दूरी की दौड़ में सुमन रावत ने पहला पदक अस्सी के दशक में दिलाया था। उसके बाद स्वर्गीय कमलेश व अमन सैनी हिमाचल को राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतते रहे थे। तेज गति की दौड़ में पहली बार पुष्पा ठाकुर व भाला प्रक्षेपण में संजो दवी ने पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश के धावकों को स्पीड व थ्रो में भी जीत की राह दिखा दी है। इस वर्ष हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय फैडरेशन कप में कांगड़ा के अंकेश चौधरी ने 800 मीटर में स्वर्ण पदक जीता है। सेना का यह धावक ऊना खेल छात्रावास में प्रशिक्षक भागीरथ के प्रारंभिक प्रशिक्षण से गुजरा है। सेना से ही जोगिंद्रनगर के सावन बरवाल ने भी इसी प्रतियोगिता की स्पर्धा 5000 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता है। यह धावक तत्कालीन राज्य खेल विभाग के प्रशिक्षक गोपाल ठाकुर के प्रशिक्षण से आगे गया है। 1500 मीटर दौड़ में सिरमौर की नितिका, जो बिलासपुर राज्य खेल छात्रावास में प्रशिक्षक राकेश चौधरी की ट्रेनी रही है, ने इसी मीट में प्रदेश के लिए रजत पदक जीता है। अमेरिका में चल रहे एएफआई के कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही साई खेल छात्रावास धर्मशाला में प्रशिक्षक केहर सिंह पटियाल की तत्कालीन ट्रेनी चंबा की सीमा भी 10000 मीटर दौड़ को ओलंपिक क्वालीफाई के नजदीक दौड़ रही है। अगले महीने ओलंपिक के लिए अंतर राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप फाइनल ट्रायल है। उसमें इन सबसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। कबड्डी, कुश्ती, मुक्केबाजी व अन्य कई खेलों में हिमाचली खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा कर रहे हैं। हैंडबाल महिला वर्ग में हिमाचल राष्ट्रीय स्तर पर बहुत बढिय़ा प्रदर्शन कर रहा है। मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी पिछले एक दशक से राष्ट्रीय स्तर पर हिमाचल प्रदेश के लिए पदक जीत रही थी, मगर राष्ट्रीय सीनियर महिला वर्ग में स्वर्ण पदक से चूक रही थी। 2021 में बरेली में आयोजित राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की महिला टीम ने पिछले तीन सालों की विजेता रेलवे टीम को फाइनल में चार गोलों के अंतर से हराकर विजेता ट्राफी पर पहली बार कब्जा कर अपनी पिछली तीन वर्षों की हार का बदला चुकता कर दिया था। इसके बाद फिर 2022 में भी हिमाचल प्रदेश महिला हैंडबाल टीम ने हैदराबाद में आयोजित राष्ट्रीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। अब सिलसिला जारी है। हिमाचल प्रदेश में यह खेल 1982 दिल्ली एशियाड के बाद काफी लोकप्रिय हुआ। बिलासपुर हैंडबाल का शुरू से ही अच्छा केंद्र रहा है। बात चाहे हैंडबाल संघ संचालन की हो या प्रशिक्षण की, बिलासपुर का योगदान सबसे अधिक रहा है। स्नेह व उसके पति सचिन चौधरी के निर्देशन में मोरसिंघी हैंडबाल अकादमी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है। पिछले 2018 व 2021 के एशियाई खेलों में लगभग एक-तिहाई भारत की टीम इसी अकादमी से प्रशिक्षित थी। कनिष्ठ राष्ट्रीय, स्कूली राष्ट्रीय व अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिताओं में इस अकादमी के बल पर हिमाचल प्रदेश महिला वर्ग में विजेता का ताज पहने है। हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों को थोड़ी बहुत मिली खेल सुविधाओं से यह परफॉर्मेंस सामने आई है। इसलिए सरकारी व निजी क्षेत्र में खेल छात्रावासों व अकादमियों की बहुत जरूरत है। हिमाचल प्रदेश में हाई परफॉर्मेंस अकादमियों की भी बहुत जरूरत है, नहीं तो फिर हिमाचली खिलाड़ियों का राज्य से पलायन जारी रहेगा। हिमाचल प्रदेश में पहले से चल रहे खेल छात्रावासों के अतिरिक्त और कई जगह खेल छात्रावास खोलने के लिए बहुत अधिक धन व संसाधनों की जरूरत पड़ेगी। हिमाचल प्रदेश में पहाड़ अधिक होने के कारण यहां एक स्थान पर बड़े मैदान खेल के लिए उपलब्ध नहीं हो सकते हैं। इसलिए कई खेलों के लिए एक जगह खेल छात्रावास बनाना कठिन कार्य है। इसलिए यहां पर सुविधा व प्रतिभा के अनुसार खेल अकादमी या विंग कामयाब हो सकते हैं। प्रतिभा व सुविधा के अनुसार हिमाचल प्रदेश के विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों में भी सरकार खेल विंग खोलती है, तो भविष्य में हिमाचल के खिलाड़ी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। हिमाचल प्रदेश के कई महाविद्यालयों के पास अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल ढांचा तैयार खड़ा यूं ही बेकार हो रहा है। इस कॉलम के माध्यम से पहले भी इस विषय पर बार-बार लिखा जा चुका है, मगर सरकार का रवैया उदासीन रहा है। खेल विंगों के लिए सरकार को न तो खेल ढांचा खड़ा करना पड़ता है और न ही नया छात्रावास बनाना पड़ता है। केवल खेल विशेष का प्रशिक्षक और खिलाड़ियों के लिए खुराक व रहने का प्रबंध करना होता है, जो आसानी से बहुत कम धन राशि खर्च करके हो सकता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण निजी प्रयत्नों से स्नेह लता ने कर दिखाया है। हिमाचल प्रदेश सरकार चाहे तो राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर, धर्मशाला व बिलासपुर में एथलेटिक्स के विंग आसानी से चल सकते हैं क्योंकि यहां तीनों जगह सिंथेटिक ट्रैक हैं। स्कूलों में भी यहां पर एथलेटिक्स की नर्सरियां स्थापित हो सकती हैं। ऊना तथा मंडी में तैराकी के लिए तरणताल उपलब्ध हैं। शिलारू व ऊना में एस्ट्रोटर्फ हाकी के लिए बिछी हुई है। इस तरह हर जिले में किसी न किसी खेल के लिए प्ले सुविधा उपलब्ध है। क्या ऐसा नहीं हो सकता है कि अच्छे प्रशिक्षकों व पूर्व खिलाड़ियों को बुलाकर शिक्षा व खेल विभाग मिलकर खेल अकादमियां खोल दें। प्रदेश के दूरदराज शिक्षा संस्थानों में भी उपलब्ध खेल सुविधा के अनुसार खेल विंग या अकादमी खुलनी चाहिए। ऊपर जिन खिलाड़ियों की चर्चा हुई है, उनमें से सभी किसी न किसी सरकारी या शौकिया प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा रहे हैं। हिमाचल प्रदेश में अधिक से अधिक खेल अकादमी व विंग खुलते हैं, तो हिमाचल प्रदेश के खिलाड़ियों का राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

# विशेष लेख

## नए भारत की साहसिक पहल

**डॉ. सुरेन्द्र कु. मिश्र**

अमेरिका द्वारा भारत-ईरान के बीच चाबहार बंदरगाह परियोजना के संबंध में हुई डील को नया बताकर अपनी नराजगी व्यक्त की गई। इसके साथ ही भारत-ईरान के बीच 10 साल के इस अनुबंध पर अमेरिका प्रतिबंध लगा सकता है क्योंकि वह इसे नए दृष्टिकोण से देख रहा है अमेरिका को इस बात का गंभीरता से भी विचार करना होगा कि दबाव, दमन, दहशत व दादागिरी की नीति हमेशा नहीं चलती है। प्रत्येक देश अपने भू आर्थिक, भू-राजनीतिक तथा भू-सामरिक हितों को ध्यान में रखकर कार्य करता है जैसा कि भारत ने ईरान के साथ इस अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। भारत चाबहार बंदरगाह को पाकिस्तान में चीन द्वारा निर्मित बंदरगाह के काउंटर के रूप में देखता है। भारत और ईरान के चाबहार बंदरगाह के संगठन और उनके अनुबंध के लिए और मेगा कनेक्टिविटी योजनाओं के माध्यम से परियोजनाओं के अगले चरण के विकसित करने के लिए यह समझौता हुआ है। भारत इसे अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे के साथ एकीकृत करने की योजना बना रहा है, ताकि ईरान के माध्यम से भारत से रूस तक एक निर्बाध व्यापारिक मार्ग तैयार किया जा सके। भारत एक संयुक्त देश है और यह अनुबंध भारत और ईरान दोनों देशों के लिए बेहद एक सामयिक, सामरिक एवं संवेदनशील विशेष समझौता है कि मध्य एशिया और उससे आगे तक पहुंच आसान हो जाएगी। यह चीन द्वारा पाकिस्तान के ग्वादर में बनाई जा रही अपनी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का एक करारा जवाब भी है। ओमान की खाड़ी पर दक्षिणी पूर्वी ईरान में स्थित चाबहार एक महत्त्वपूर्ण बंदरगाह है। यह ईरान के एकमात्र समुद्री बंदरगाह के रूप में कार्य करता है और इसमें 'शाहिद कलंतरी' 'शाहिद बेहिश्ती' नामक दो अलग-अलग बंदरगाह शामिल हैं। यह बंदरगाह भारत को अरब सागर में चीन की उपस्थिति को नजरअंदाज करने में सक्रिय सहयोग देता है। अपनी भौगोलिक अवस्थिति, आर्थिक व व्यापारिक तथा सामरिक कूटनीतिक दृष्टिकोण से भारत के लिए एक विशेष महत्त्व का क्षेत्र है। यही कारण है कि इस बंदरगाह को अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा (आईएनएसटीसी) के रूप में भी जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि यह भारत, ईरान, अफगानिस्तान, अजरबैजान, अर्मेनिया, रूस के साथ ही मध्य एशिया तथा यूरोप के बीच व्यापार हेतु 7200 किलोमीटर की बहुउद्देश्यीय परिवहन परियोजना भी है। भारत अल्पकालिक समझौते पर इस बंदरगाह का संचालन कर रहा था, जिसे समय-समय पर नवीनीकृत करना पड़ता था। जब चाबहार में निवेश की बात आई तो अल्पकालिक समझौते और ईरान के भू-राजनीतिक तनाव ने शिपर्स और निवेशकों को इससे दूर रखा था। इसके कारण एक बार तो ईरान इस समझौते में प्रगति न होने के कारण अपने कदम चीन की ओर बढ़ाने की मंशा बना ली थी। वास्तव में इस योजना को क्रियान्वित करने की चीन की क्षमता एवं संपन्नता भी थी। भारत के इस समझौते के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध की चेतावनी को 'प्रतिबंधों का संभावित जोखिम' की बात कहकर अपने रुख में परिवर्तन का संकेत दिया है। आखिरकार भारत ने अपने रणनीतिक एवं आर्थिक महत्त्व चाबहार बंदरगाह को दस वर्ष के लिए विकसित और संचालित करने के लिए ईरान के साथ 13 मई को इस समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए। वास्तव में यह एक नए भारत की साहसिक पहल है जो किसी भी प्रतिबंध की अब परवाह नहीं करता, विशेष रूप से भू-आर्थिक, भू-सामरिक एवं भू-राजनीतिक पहल के मामलों में। आखिर द्वंद्व कहां तक टाला जाए, भारत समझ गया है कि समय पर सामरिक व आर्थिक समझौते पर हस्ताक्षर जरूरी हो गए, जिसे जरूरत पड़ने पर जवाब देना भी जेहन में रखना होगा। यह बात अमेरिका को समझनी होगी कि यह समझौता कोई 'नया' नहीं है, यह तो केवल विगत रूप में संचालित हो रहे कार्यक्रम की निरंतरता है। पाकिस्तान के ग्वादर बंदरगाह में चीन की मौजूदगी को देखते हुए भारत की चाबहार की ओर पहल एक महत्त्वपूर्ण सामयिक एवं सामरिक आवश्यकता बन गई थी। स्मरणीय है कि अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2018 में भारत, चीन तथा तुर्की को ईरान प्रतिबंधों से छूट दी थी, जबकि वाशिंगटन ओमान की खाड़ी के बंदरगाह पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा था1 चूंकि यह युद्धग्रस्त अफगानिस्तान में उसकी उपस्थिति के लिए बेहद महत्त्वपूर्ण था। वास्तव में अगर अमेरिका इसे एक नए समझौते के रूप में देखता है तो यह उसकी भारी-भूल होगी, क्योंकि मई 2016 में मूल रूप से हस्ताक्षर करने के बाद से इस पर बहुत काम हुआ है। भारत चाबहार बंदरगाह में बेहिश्ती टर्मिनल को विकसित करने के लिए भारी-भरकम निवेश कर चुका है। यह बात भी विशेष ध्यान देने योग्य है।

# मनोवैज्ञानिक चिंतन: ऋणात्मक सोच से बचिये य सकारात्मक बनिये

**लेखक -पद्म श्री डॉ. कैलाष मड़बैया**

हम सभी यह सुन सुन कर हैरान/परेषान हैं कि सकारात्मक बनो, ऋणात्मकता से बचो। संत, षास्त्र, साहित्य सभी भरे पड़े हैं इन उपदेषों से कि सकारात्मक बनो। बताता कोई नहीं कि आखिर यह है क्या बला। कभी स्वंय भी सोचो कि यह सब है क्या ?दरअसल हमें यह राय/सुझाव देने वालों की कमी नहीं पर उनमें से कोई हमारे साथ हमारी सांसारिक परिस्थितियों में जीने को तैयार नहीं। मतलब जिंदगी की व्यावहारिक कठिनाइयों से दो- चार होकर कोई सलाह नहीं देता। बस किताबी ज्ञान बघारते हैं। इसी को कहते हैं 'पर उपदेष कुषल बहुतेरे'। वस्तुत: सभी उपदेषक जीवन जीने की नहीं,जीवन से मुक्ति अर्थात् मरण की बात करके डराते हैं कि दुनिया निस्सार है। जब कि मृत्यु किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हॉं ,यह वैराग्य अवष्य उपजाता है। तात्पर्य कि दुनिया से भागो। पलायन करो। इससे लोग इह लोक की नहीं पर लोक की बात करने लगते हैं। यही पचता नही है कयोंकि अव्यवहारिक है। इसी से पलायन की बातें गले नहीं उतरतीं। भैया जरा विचारो कि जब बहुत दुर्लभ है यह मानव जीवन पाना तो फिर इससे इससे पलायन क्यों? इसे भी क्यो जी भर कर नहीं जियें ? बस अव्यवहारिक बातों में ,तनाव में रह कर जीवन गुजार दें क्या? कौन मानेगा इसे ? मेरे शुभ चिंतक मित्रो, जरा यह भी तो कभी बताओ कि जब मानव -जीवन, चैरासी लाख यौनियों के उपरान्त मिला है तो इसे भरपूर जियें कैसे? इसका रस कैसे लें? इसे सार्थक कैसे बनायें ?या सदैव जीवन समाप्त करने या मरने मरने का ही डर दिखाते रहोगे ? इसीलिये आदमी मरने के पहले ही अनेक वार मरता रहता है। जीता है तो केवल मरने के लिये। आदमी खुषी से मरना तो दूर जी भी नहीं पाता। अत: आओ जिंदगी की बातें करें। मेरे अल्प ज्ञान से जिन्दगी को छोटे छोटे शुभ लक्ष्यों में बॉट कर, खुषियॉ प्राप्त करते रहना चाहिये। .....और हर क्षण को भरपूर जीना चाहिये। जिन्दगी को कभी गूढ़ मत बनाइये। साक्षी बन कर जीने का अपना मजा है। दुख तो तब उपजता है जब अपने को सब कुछ मानते हो। क्योंकि सभी को सब कुछ मिलता नहीं और कोई रिक्त होता नहीं। आवष्यक, तो सभी को सहज उपलब्ध होता ही रहता है। हॉ, स्वाभाविक कर्म अवस्य करते रहिये। बिना कर्म किये तो कुछ होने से रहा। पर जितना सरल रहोगे जीवन उतना आनन्ददायक रहेगा। न अतीत में खोओ, न आगत को रोओ। वर्तमान जो सामने है उसे श्रेष्ठ बनाओगे तो अतीत व आगत अपने आप श्रेष्ठ होंगे। इसी से कहा जाता है कि 'हाजिर में हुज्जत नहीं'। 'वर्तमान' जीने की कला सीखो-बस यही पर्याप्त है। हॉं, पर जब कभी समय अनुकूल लगे तो इतना अवष्य विचारो कि खुषी स्थाई चाहिये कि क्षणभंगुर ? तो अपने आनन्दमयी दिनों में यह भी निर्णय लेने में सक्षम होने लगोगे कि स्थाई सुख के लिये हमें क्या करना चाहिये ?या जीवन को सार्थक कैसे बनायें? ऐसा क्या करें कि सुख शाष्वत हो, कृतत्व ऐसा कि जिससे लोग मरने के बाद भी याद करें। जिंदगी के साथ भी जिंदगी के बाद भी। यह सब आनन्द में सहजता में कुछ विचार कर ग्रहण करना सम्भव है, तनाव में कुछ भी नहीं। क्योंकि यह तो सही है कि क्षणिक सुख तो क्षणिक आनन्द ही देगा, परम आनन्द नहीं। अब सकारात्मक सोच भी समझ लीजिये। दरअसल यह कोई हउआ नहीं वरन् इतनी सी बात है कि जो तुम्हारे पास है उसका आनन्द लो , जो नही है उसके लिये प्रयास तो करो पर उसके पीछे प्राण मत दो। यदि कुछ नहीं है तो जो है उसको तो भोगो। यदि कुछ खो गया तो खोने का दुख नहीं, जो बचा उसको बचने के सोच में प्रसन्न रहो। यही सकारात्मक सोच है कि यह तो बचा। दरअसल चाहने की कोई सीमा नहीं, माने लालसा की तो पूर्ति कभी किसी की हो ही नहीं सकती। कहा जाता है कि यह पृथ्वी इतनी सक्षम व समर्थ है कि सभी प्रणियों की जरुरतें पूरी कर सकती है पर इतनी अक्षम भी है कि एक व्यक्ति की भी लालसा पूरी नहीं कर सकती। श्रम में व्यक्ति को विष्वास रखना चाहिये।अपने श्रम से जो मिले वही अपना है,सुख देता है।यही श्रमण है। क्योंकि 'शार्ट कट' से मिली खुषी 'शॉर्ट'/क्षणिक ही होगी। इसी से श्रम का कोई विकल्प नहीं।ईष्वर या धर्म का रोल-आपके हमारे मन में अब यह सवाल उठना भी स्वाभाविक है कि क्या हम ही अपना सब कुछ करते हैं ? तो यह भाग्य ,धर्म और भगवान क्या है?.....जी हॉं, यह सही है कि भगवान वह है जो सब कुछ पा चुका है उसे अब कुछ पाना शेष नहीं इससे वह हमारा आदर्ष है। पर जिसके पास जो होगा, वही तो हमे देगा। भबवान तो दुनिया छोड़ चुके वे हमे आपको अब दुनिया कहॉं से देंगें ? भगवान से संसार की चीजें मॉंगना ही अज्ञानता है। वे इन्द्रिय विजयी हो मुक्त हो गये। हॉं हम भी वैसा ही बनना चाहते हैं। बस यही कामना होनी चाहिये। पर उसके लिये बनना तो स्वंय ही होगा। कोई दूसरा क्या मदद करेगा इसमें? इसका एक ही उपाय है कि अपनी आत्मा को ही साधना से परमात्मा बनाइये। हमारा परमात्मा हम में ही है। परमात्मा ही तो भगवान को कहते हैं। अत: अपना अन्तस/आत्मा उधाड़िये। बाकी तो सभी केवल हमारी आस्था है। आस्था से ही तो हम मूर्ति में भगवान देखते है। आस्था से हमे आत्मविष्वास मिलता है। संकल्प द्रढ़ बनता है जो आवष्यक है। पर कर्ता कोई ईष्वर या भगवान नही हम स्वंय है। हॉ हमे आस्था और विष्वास ईष्वर की उपासना से मिलता है इसलिये हम उसकी आराधना या पूजा करते हैं जिससे हम उससे प्रेरित हों, अनुकरण करें। तो केवल भगवान हमारे जीवन में उत्प्रेरक का कार्य भर करता है। इसके लिये धर्म का मार्ग अपनाया जाता है। धर्म केवल वह है जो धारण किया जा सके। यह साधन है साध्य नहीं। साधन के अलग अलग मार्ग हो सकते है जिन्हे हम प्रथक प्रथक धर्म कहते है। वह चुनने को हम स्वतंत्र हैं। भाग्य की अवधारणा भी केवल संतोष के लिये है।दरअसल अपने कर्मों से अपना भाग्य, हम सभी स्वंय गढ़ते है।इससे तो कोई मनाही करता ही नहीं कि बबूल वो कर आम नहीं पाये जा सकते हैं। इससे फसल तो वही पाओगे जैसे बीज बोओगे।इसलिये कर्म सिद्धांत तो समझना ही पड़ेगा और तदनुसार चलना भी पड़ेगा। उपलब्धि भी तभी.मिलेगी।पर इसके लिये चिन्ता नहीं चिंतन कीजिये। सकारात्मक चिंतन। मतलब यथार्थ से ऑखे मूंद कर नहीं ,आमने सामने खड़े होकर,आनन्दपूर्वक। फूल की तरह,खिल कर,खुल कर,सुगन्धि विखेरते हुये -मौज मस्ती में। षेष फिर कभी।

# जुए की लत या किसी भी वस्तु या मादक पदार्थ की लत एक मानसिक रोग

शोध यह बताते है कि कोई भी व्यवहार या मादक पदार्थ पहली बार इस्तेमाल करने पर मानसिक खुशी देता है क्योंकि पहली बार इस्तेमाल करने पर यह हमारे शरीर में डोपामिन का स्त्राव बढ़ाता है जो हमें अच्छा महसूस कराता है, खुशी देता है और जब कभी हम दुबारा तनाव महसूस करते हैं पुन: उसी व्यवहार या पदार्थ को उपयोग करने को प्रेरित करता है और इसी तरह यह एक प्रक्रिया बन जाती है और व्यक्ति लत ( एडिक्शन) की गिरफ्त में फंस जाता है।




**गुलाब डड़सेना-सहायक जनसंपर्क अधिकारी**

छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले एक लाचार बुजुर्ग माता-माता पिता द्वारा जुआ-सट्टा की लत में डूबे अपने पुत्र की हत्या की घटना समाने आई। खबर एक हदय विदारक घटना है, ऐसी खबर पढ़कर मन का विचलित हो जाना स्वाभाविक है। इस तरह की घटनाओं की तादात लगातर बढ़ती जा रही है। बढ़ती घटनाओं पर मनोवैज्ञानिक एवं समाज शास्त्री द्वारा लगातार चिंतक और शोध किया जा रहा है। अब समाज को भी इस तरह की बढ़ती घटनाओं पर विचार और चिंतन की जरूरत है। इस तरह की घटनाओं पर ज़िला चिकित्सालय कबीरधाम में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत कार्यरत मनोरोग चिकित्सक डॉक्टर राकेश कुमार से खुल कर चर्चा हुई। उन्होंने घटना के कारकों और कारणों की बारीकी पर कई खुलासे भी किए। उन्होंने कारकों और कारणों को शोध के बाद आए परिणामों को बताया। डॉ राकेश कुमार कबीरधाम जिले के जिला चिकित्सालय में पदस्थ है। वे राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम में काम कर रहे है। डॉ राकेश कुमार का कहना है कि जुए की लत या किसी भी वस्तु या मादक पदार्थ की लत एक मानसिक रोग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने का प्रयास किया जा सकता है। वर्तमान में मानसिक रोगों पर हुए शोध ये बताते हैं कि लत (स्नस्नद्बष्ह्लद्बशठ्ठ) एक मानसिक रोग है। लत की अवस्था तक पहुंचना एक निरंतर प्रक्रिया का परिणाम होता है। किसी भी वस्तु, व्यवहार या मादक पदार्थ की लत आरंभ में एक सामान्य प्रयोगात्मक व्यवहार जो थोड़ी बहुत खुशी या दोस्तों के साथ मनोरंजन के तौर पर शुरू होता है,लेकिन कालान्तर में यह एक विकराल समस्या बन जाती है और अंतत: इसी तरह का परिणाम सामने आता है। मानसिक रोगों का अध्ययन ये बताते हैं कि कोई भी व्यवहार या मादक पदार्थ पहली बार इस्तेमाल करने पर मानसिक खुशी देता है क्योंकि पहली बार इस्तेमाल करने पर यह हमारे शरीर में डोपामिन का स्त्राव बढ़ाता है जो हमें अच्छा महसूस कराता है, खुशी देता है और जब कभी हम दुबारा तनाव महसूस करते हैं पुन: उसी व्यवहार या पदार्थ को उपयोग करने को प्रेरित करता है और इसी तरह यह एक प्रक्रिया बन जाती है और व्यक्ति लत ( एडिक्शन) की गिरफ्त में फंस जाता है। किसी भी पदार्थ, व्यवहार या मादक पदार्थों के लत के विषय में डॉक्टर राकेश कुमार बताते हैं कि इस तरह के लत में फंसे व्यक्ति को पूर्व से ही कुछ मानसिक समस्याएं हो सकती है या उनके जीवन में तनाव के अन्य कारण भी हो सकते हैं जिनकी पहचान कर निदान किया जा सकता है और व्यक्ति को लत में पड़ने से रोका जा सकता है। विषय विशेषज्ञों के अनुसार लत में पड़ने की संभावना तब और बढ़ जाती है जब इस तरह का व्यवहार करने वाले की उम्र 22 वर्ष से कम हो। कम उम्र में व्यक्ति के मस्तिष्क का विकास हो रहा होता है और इस तरह का असामान्य व्यवहार मस्तिष्क में तथा व्यवहार में बदलाव लाता है। यह तब और भी गंभीर हो जाता है जब इस व्यवहार को रोकने या बदलने का प्रयास समय रहते न किया जाए। इस समस्या को समय रहते पहचान कर उसमें कार्य करने से व्यवहार में बदलाव किया जा सकता है। लत की समस्या एक मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्या है जो पूरे जीवन को तबाह कर सकता है। आत्महत्या और तलाक जैसे गंभीर समस्याओं का मुख्य कारण लत रूपी गंभीर मानसिक रोग है। एडिक्शन डिसऑर्डर जिसमें मोबाइल और इंटरनेट का अत्यधिक प्रयोग तथा पोर्नोग्राफी भी आता है की समस्या से आज के इस सूचना के युग में छोटे बच्चे, महिलाएं, वयस्क से लेकर वृद्ध भी अछूते नहीं हैं और लोगों का व्यक्तिगत, पारिवारिक तथा सामाजिक जीवन तबाह हो रहा है। लत की इस गंभीर समस्या को समय रहते पहचान कर इसका उपचार कराया जा सकता है। हालाकि इसका उपचार एक जटिल प्रक्रिया है फिर भी उपचार संभव है। मानसिक रोगों के पहचान एवम उपचार हेतू विशेषज्ञों की कमी तथा जागरूकता का अभाव इसमें पहली रुकावट है। अभी भी हमारे समाज में और चिकित्सा जगत में सामान्य मानसिक रोगों की पहचान कर इलाज की आवश्यकता को लेकर बहुत से मिथक और स्टिग्मा व्याप्त है जिसके कारण लोग चिकित्सकीय सहायता नहीं ले पाते। मनोरोग चिकित्सकों की कमी और जानकारी का अभाव आज इस समस्या के समाधान में मुख्य रुकावट का कारण है। ऐसी परिस्थिति से निपटने के लिए राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत वर्तमान में सभी चिकित्सकों, ग्रामीण चिकित्सा सहायकों, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों से लेकर सभी मितानिनों को मानसिक रोगों की पहचान तथा उपचार के लिए प्रशिक्षित किया जा चुका है और लगातार प्रशिक्षण कराया जा रहा है। वर्तमान में जिला चिकित्सालय कबीरधाम में पदस्थ डॉक्टर राकेश कुमार के द्वारा सभी प्रकार के मानसिक रोगों की पहचान तथा उपचार किया जा रहा है। आत्महत्या रोकथाम संबंधी सलाह मशवरा और नशामुक्ति संबंधी सलाह तथा उपचार भी प्रदान किया जाता है। ज़िला चिकित्सालय कबीरधाम में रास्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम ( स्पर्श क्लिनिक कक्ष क्रमांक 21) संचालित है। किसी भी प्रकार के मानसिक रोग, लत की समस्या के पहचान एवम उपचार के लिए संपर्क किया जा सकता है।



## संक्षिप्त समाचार

### मेजर अनिरुद्ध जैन ने देश एवं जैन समाज का गौरव बढ़ाया



**राघौगढ़ ( विश्व परिवार )।** देश की रक्षा का दायित्व जिनके मजबूत कंधों पर है उनकी निरंतर सजगता से हमारा प्यारा देश आज सुरक्षित है। देश की रक्षा के साथ पीड़ित मानवता की सेवा एवं आपदा पूर्व प्रबंधन में जो सच्ची सेवा करे वह ही सच्चा देश भक्त कहलाता है। ऐसे ही एक है भारतीय सैना के मेजर अनिरुद्ध जैन। इन्हौंने नार्थ सिक्किम में छुंगथांग नामक स्थान में साउथ लोहनक झील के समीप चौकस 2023 अभियान के नायक मेजर अनिरुद्ध जैन अपने कर्तव्य पथ पर सेवायें दे रहे थे। विलम्ब से प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 3 व 4 अक्टूबर 23 को रात्री में सचेतक सूचना मिली कि ग्लेशियर से बनी लोहनक झील फूटने बाली है, और भीषण बाढ़ आने बाली है। इस सूचना के मिलते ही मेजर अनिरुद्ध बिना समय गबाये सक्रिय हुए और निचली वस्ती में रह रहे लगभग 99 लोगों को घरों से निकाल कर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसके मात्र 20 मिनट बाद ही उक्त झील फूटने से हाहाकार मच गया। मकान, दुकान, बाजार, स्टोर आदि सब वह गये। वहां का वर्कशाप 100 फीट पानी में डूबे गया। इस वीरता पूर्ण कार्य के लिये मेजर अनिरुद्ध जैन को सम्मानित किया गया। वहां स्थित बेचलर्स ब्लाक का नामकरण जैन ब्लाक किया गया। मेजर अनिरुद्ध जैन की पारिवारिक पृष्ठभूमि संस्कारों से परिपूर्ण है। आप जैन जगत के सुप्रसिद्ध विद्वान स्व पंडित लालचंद राकेश के पौत्र है। दानिश कुंज भोपाल निवासी जल संसाधन विभाग से कार्य पालन मंत्री पद से सेवानिवृत्त, वर्तमान में भारतीय जैन मिलन क्षेत्र 12 के क्षेत्रीय मंत्री सुप्रसिद्ध समाज सेवी इंजीनियर अनिल कुमार जैन एवं महिला जागृति अभियान की सक्रिय कार्यकर्ता भारतीय जैन मिलन की महिला इकाई की राष्ट्रीय सहसंयोजिका श्री मती रेखा जैन के कनिष्ठ सुपुत्र हैं हम मेजर अनिरुद्ध जैन के सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। आपसे अपेक्षा है आप भारतीय सैना में रहकर अपने कर्तव्य एवं कार्य व्यवहार से ऊंचाइयां प्राप्त करें।

### त्रिगुणी वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती कोटा में बड़े हर्षोल्लास से मनाई गई

**रायपुर ( आरएनएस )।** 26 मई को त्रिगुणी वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती के पावन पर्व के अवसर पर बुद्ध विहार कोटा में भारतीय बौद्ध महासभा एवं त्रिरत्न बुद्ध विहार समिति कोटा के संयुक्त तत्वावधान में गरिमामय त्रिगुणी वैशाख पूर्णिमा बुद्ध जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम बुध्द शरणम गच्छामि, धम्मम शरणम गच्छामि, संघम् शरणम् गच्छामि उद्घोष कर बौद्ध संघ कोटा एवं विभिन्न वार्डों के गणमान्य नागरिकों भव्य रथ पर बुद्ध की प्रतिमा सहित बुद्ध के संदेश देते हुए कैंडल रैली निकाली जो कोटा बुध्द विहार से होकर डॉ बाबा साहेब आंबेडकर चौक सरस्वती नगर से वार्ड का भ्रमण कर बुद्ध विहार पहुँचीं। इसके पश्चात भारतीय बौध्द महासभा के जिला अध्यक्ष प्रकाश रामटेके जी एवं कोटा बुद्ध विहार समिति के अध्यक्ष अरुण कुमार वंजारी ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया, नागपुर महाराष्ट्र से पूज्य भंते महान मा ने बुध्द वंदना कर तथागत गौतम बुद्ध को वंदन किया गया सभी उपस्थिति उपासकों ने त्रिशरण पंचशील लिया। कार्यक्रम के अतिथि एस, आर, साहु जी ने विपश्यना एवं आना पानी सति के महत्व को बताया मानव अपने मन एवं तन को स्वस्थ रखने के लिए आचार, आहार, ध्यान के महत्व को बताया । भंते महान मा ने अपने धम्मदेशना में बौद्ध धम्म के उद्भव, प्राचीन शासकों ने बौद्ध धम्म क्यों चुना एवं बाबा साहेब अम्बेडकर जी बौद्ध धम्म ही क्यों स्वीकार किया विस्तार से बताया। कार्यक्रम के अंत में भारतीय बौद्ध महासभा के द्वारा अपने श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को मोमेंटो और भगवान बुद्ध के अनमोल उपदेशों का सार धम्मपद पुस्तक, एवं परित्राण पाठ की पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। डा,एम,एल,परिहार संपादक बुद्धम पब्लिशर्स जयपुर राजस्थान के द्वारा अपने पिता श्री आशुराम जी मेघवाल और माता श्रीमती नेनु देवी की स्मृति में पुरे भारत में 84000 हजार पुस्तक का वितरण किया जाना है।

## उद्देश्य विहीन मनुष्य का जीवन कुत्ते की भांति त्रिआयामी है : मुनि श्री प्रमाणसागर जी महाराज

**विदिशा ( विश्व परिवार )।** उद्देश्य विहीन मनुष्य का जीवन कुत्ते की भांति त्रिआयामी है दिन रात इधर-उधर मुंह मारना, खाना और घूमना और बचे हुए समय को अपने साथियों से लड़-झगड़ कर बिता देना यही उसके जीवन का मूल उद्देश्य रहता है। यह कहानी उस कुत्ते की ही कहानी नहीं, उन सभी के जीवन की कहानी है, जो उद्देश्य विहीन इस जीवन को जी रहे है। उपरोक्त उद्गार संत शिरोमणि आचार्य गुरूदेव विद्यासागर जी महामुनिराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज ने विदिशा की ओर मंगल विहार करते हुये व्यक्त किये।




प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया मुनिसंघ का मंगल विहार इस भारी तपन के बीच में चल रहा है, नौ तपा प्रारंभ हो चुके है पारा 45-46 के साथ भीषड़ गर्मी का प्रकोप चल रहा है। मौसम की स्थिति को देखते हुये प्रतिदिन प्रात:काल ही मंगल विहार चल रहा है 27 मई सोमवार मुनिसंघ का मंगल प्रवास ग्राम ऐरन में रहा प्रवास के दौरान प्रतिदिन प्रात:काल8-15 से सुविधानुसार मंगल प्रवचन तथा सांयकाल 6-15 से शंका समाधान का लाईव प्रसारण चल रहा है। मुनि श्री ने जीवन के मूल भूत लक्ष्य की ओर इशारा करते हुये कहा कि यह बात सही है कि धन संपत्ति के विना आपका जीवन नहीं चल सकता लेकिन उस धन संपत्ति को कमाने के लिये यदि आपने अपने मन की शांति को खंडित कर लिया तो ऐसा जीवन और ऐसा धन किस काम का? उन्होंने कहा कि धन संपत्ति जीवन के साधन है साध्य नहीं जो लोग अपने जीवन को धन संपत्ति के साथ जीने में लगा देते है उनके लिये पेसा ही परमेश्वर होकर पैसा हांवी हो जाता है और वह पैसा कमाने में इतना अधिक पागल हो जाता है कि अपनी पत्नी बच्चों को भी भूल जाता है, ऐसा व्यक्ती जीवन में कभी सुखी नहीं रह सकता, वह जीवन भर दु:खी होकर रोता ही रहता है। मुनि श्री ने कहा कि आगे बड़ो लेकिन धैर्य और सोच समझकर और संतुष्ठी और परिवार के साथ अपनी ग्रोथ को पूरा कीजिये। धन कमाइये धन के पीछे अपने बाहर और भीतर की पवित्रता को खंडित मत होंने दीजिये मुनि श्री ने उदाहरण देते हुये कहा कि धन की देवी लक्ष्मी मानी गयी है और लक्ष्मी का वाहन उल्लु है जिसको दिन के उजाले में भी कुछ नहीं दिखता है आखिर बो कौन है? यह आप विचार करो? उन्होंने कहा कि संग्रह करके किसी ने आजतक सुख को प्राप्त नहीं किया जिसने भी त्याग किया उसके जीवन में सुख और वैभव ने प्रवेश किया उन्होंने कहा कि समुद्र और नदी का जीवन देख लो एक के जीवन में मीठापन है तो दूसरे के जीवन में खारापन है जिसके जीवन में सभी कुछ समेटने की वृति है वह समुद्र के समान खारा है और जो त्याग करना जानता है उसका जीवन नदी के समान मीठा होता है, मुनि श्री ने कहा कि मनुष्य जन्म पाकर भी यदि सिकायतें करते हुये अपने जीवन को जी रहे हो तो उसका जीवन निराशा के मलबे में दबकर समाप्त होंने बाला है, यह कहानी किसी एक की नहीं वल्कि उन सभी की है जो उद्देश्य विहीन जीवन को जी रहे है। उन्होंने कहा कि एक लम्वे अंतराल के पश्चात हमारा आना हो रहा है और कयी परिवर्तन हुये है जो बच्चे छोटे थे वह अब बड़े हो गये है और जो कल तक युवा थे वह अब वुजुर्ग हो चुके है। उन्होंने चार बातों की ओर ध्यान आकृषित करते हुये कहा कि भारतीय संस्कृति में उसी जीवन को जीवन कहा गया है जिसमें शांति हो, तुष्टी हो, पवित्रता हो, तथा आनंद हो, उन्होंने कहा कि जो धन संपत्ति आपके पास पहले थी उस धन संपत्ति को आपने कयी गुना खूब बड़ा लिया है लेकिन शांति स्थापित नहीं हो पाई उन्होंने जीवन का अनुभव बताते हुये कहा कि शांति संपत्ति में नहीं संतुष्ठी में है शांति भाग दौड़ में नहीं साधना में है, फिर भी हम साधन की और भाग रहे है भोग विलास और पदार्थो को इकट्ठा करने में लगे हुये है? उन्होंने कहा कि पैसा कमाओ में पैसा कमाने के लिये मना नही कर रहा लेकिन कब तक? जब तक मन की शांति खंडित न हो तब तक! यदि पैसा कमाने के लिये आपकी नींद उड़ गयी, आपके अंदर चिड़चिड़ापन आ रहा है तो अपने आपको सम्हालिये अपने जीने की दिशा बदलिये उन्होंने गुरुदेव के हायकू को बताते हुये कहा कि मुकद्दर है उतनी ही चद्दर पैर फैलाओ अधिक धन कमाने की हवस से जो आपके पास है उसको भी आप खो देते हो। प्रवक्ता अविनाश जैन ने बताया जैन मिलन विदिशा द्वारा 28 एवं29 ता.को गुरदर्शन हेतु मिनी वस की व्यवस्था प्रात:6 बजे स्टेसन जैन मंदिर से की है जो कि मुनिसंघ के गंतव्य स्थान तक जाऐगी एवं आहार चर्या उपरांत 12 बजे बापिस आऐगी। -**अविनाश जैन**

## दिगंबर जैन बड़ा मंदिर की आध्यात्मिक प्रयोगशाला में प्रतिदिन जिनप्रतिमाओं का श्रावक गण कर रहे अभिषेक पूजन

**रायपुर ( विश्व परिवार )।** श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर मालवीय रोड रायपुर के जिनालय में पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष आध्यात्मिक प्रयोगशाला के माध्यम से प्रतिदिन की तरह आज भी जिनप्रतिमाओ का अभिषेक किया गया। जिनालय के पूर्व उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया की प्रतिदिन की तरह आज दिनांक 26 मई 2024 रविवार को प्रात 8.30 बजे श्रावक गण शुद्ध वस्त्र धोती पहन कर जिनालय की पार्श्वनाथ बेदी के समक्ष उपस्थित हुए।



सभी ने सर्वप्रथम मां जिनवाणी का स्तवन कर मंगलाष्टक पाठ के माध्यम से पूजा प्रारंभ कर अक्षत पुष्प चढ़ाएं। शुद्ध प्रासुक जल को जल शुद्धि मंत्र पढ़ कर शुद्ध किया। अभिषेक पाठ प्रारंभ कर पांडुक्षिला में केसर युक्त चंदन से श्रीकार लेखनम कर भगवान पार्श्वनाथ एवं विनायक यंत्र को विराजमान किया गया। पंडुकशिला में 4 रजत कलशों को प्रासुक जल भरकर स्थापना की गई। भगवान के समक्ष शुद्ध मंत्र का उच्चारण कर दीप प्रज्वलन किया गया। सभी उपस्थित श्रावको ने समता भाव पूर्वक रजत कलशो से पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक किया। आज रिद्धि सिद्धि सुख शांति प्रदाता शांतिधारा भी की गई जिसे करने का सौभाग्य जित्तू जैन को प्राप्त हुआ। आज की शांति धारा का शुद्ध उच्चारण राशु जैन समता कॉलोनी द्वारा किया गया। शांतिधारा पश्चात सभी ने पार्श्वनाथ भगवान की आरती भक्ति भाव से की विनय पाठ पढ़ कर भगवान पार्श्वनाथ की प्रतिमा का मार्जन कर पुन: जिनालय में अपने स्थान में विराजमान किया गया। सभी ने अभिषेक के दौरान उच्चारित मंत्रों से भक्ति और जिनबिम्ब के स्पर्श से पवित्र हुआ सुगंधित जल जो की गन्धोदक कहलाता है। उसे अपने संचित पापों को क्षय करने की उत्तम भावना से नेत्र और ललाट पर धारण किया। तत्पश्चात सभी ने अष्ट द्रव्य से सामुहिक रूप से भगवान का पूजन प्रारंभ किया। आज सभी ने सामुहिक पूजा में सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु पूजन एवं भगवान पार्श्वनाथ की पूजन कर अष्ट द्रव्य से निर्मित अर्घ्य समर्पित किए। अंत में विसर्जन पाठ पढ़ कर पूजन विसर्जन किया गया। आज के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से श्रेयश जैन बालू, महेंद्र जैन ( चूड़ी वाले परिवार), संजय जैन प्रेमी परिवार सतना, रानू जैन समता कॉलोनी, जित्तू जैन, प्रणीत जैन, शुभम जैन, समित जैन, पलक जैन उपस्थित थे। -**प्रणीत जैन**

## वीतराग-विज्ञान आध्यात्मिक शिविर में विद्वान दे रहे धर्म की सीख

### समाज की प्रतिभाशाली प्रतिभाऐं हुई सम्मनित



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** नगर के सिविल लाइन स्थित श्री स्याद्वाद बाल संस्कार केंद्र एवं श्री वर्णी जैन कान्वेंट स्कूल चांदमारी ललितपुर में पंडित टोडरमल स्मारक ट्रस्ट जयपुर द्वारा संचालित श्री दिगंबर जैन स्वाध्याय मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फैडरेशन ललितपुर के संयुक्त तत्वाधान में वीतराग विज्ञान आध्यात्मिक शिक्षण प्रशिक्षण शिविर में बालक- बालिकाओं एवं युवाओं को जैन धर्म के मूलभूत सिद्धांतों का ज्ञान कराया जा रहा है।

शिविर में देश-विदेश के ख्याति प्राप्त विद्वानों द्वारा व्याख्यान मालाओं एवं प्रौढ़ कथाओं द्वारा श्रावक धर्म के महत्व और आत्मा के स्वरूप को बता रहे हैं। बच्चों को जैनधर्म की शिक्षा देकर उन्हें संस्कारवान बनाया जा रहा है।

आज सायंकाल प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ जिसमें प्रतिभावान छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिससे प्रमुख रूप से डां0 मनीष कुमार जैन मेरठ, अखिलेश शास्त्री सागर को जैन दर्शन के प्रचार-प्रसार हेतु, डॉ. विकास शास्त्री बानपुर, सोनू जैन अहमदाबाद, गौरव कुमार जैन इंदौर, प्रतीति जैन मोदी नागपुर ऋषभ जैन दिल्ली पीएचडी उपाधि, अर्पित शास्त्री ललितपुर, प्रतीक जैन मौ भिंड, अंकुर जैन खडेरी, संयम जैन को शासकीय सेवा के लिए चयनित होने, समय सत्य प्रधान दमोह एवं चौधरी परिवार बानपुर की बेटी प्रांजल जैन को नेट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में पंडित टोडरमल स्मारक जयपुर के ट्रस्टी सुशील कुमार गोदिया, महामंत्री परमात्म प्रकाश भारिल्ल, कार्यक्रम के अध्यक्ष मुन्ना लाल जैन अभिलाषा ग्रुप, अखिलेश चौधरी बानपुर, एड. सुरेश कुमार जैन बानपुर, शिखरचंद जैन अनौरा, पंडित कैलाश चंद्र शास्त्री अचल, पंडित भानु कुमार शास्त्री, ब्रहम्चारणी कमलश्री नायक, पंडित राहुल शास्त्री, विवेक जैन, अनुराग जैन, सुशांत जैन गोल्डी, पं. प्रीतिंकर शास्त्री मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन पंडित जिनेंद्र शास्त्री जयपुर ने किया। -**पुष्पेंद्र जैन**

## सरस्वती मंदिर में 67 वर्षों से रखी महावीर भगवान की हुई प्रतिष्ठा

### ज्ञानकल्याणक दिवस पर एक और अतिशय सिद्धक्षेत्र राजगिरी में ब्र. राकेश भैया मड़ावरा का हुआ संघ प्रवेश





**राजगृही ( विश्व परिवार )।** राजगिरी (राजगृह) एक ऐसी पावन धरा है जहाँ जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रतनाथ के गर्भ, जन्म, तप और केवलज्ञान चार कल्याणक सम्पन्न हुए, जहाँ पर मनोरम पंच पहाड़ी स्थित हैं जिस पर 24 तीर्थंकर में से 23 तीर्थंकर भगवान समवशरण सहित आकर विराजमान हुए, अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी की प्रथम देशना भी राजगृही के विपुलान्चल पर्वत पर ही खिरी थी। समय-समय पर यहाँ अनेक अतिशय भक्तों ने देखे हैं, इसी श्रृंखला में वैशाख शुक्ला दशमी को भगवान महावीर स्वामी के केवलज्ञान कल्याणक दिन एक और अतिशय श्रृद्धालु भक्तों को देखने को मिला कि जब प.पू. मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज (ससंघ) तीन दिन के प्रवास के दौरान पंचपहाड़ी की वंदना करके आगे विहार कर रहे थे तभी मुनिश्री, प.पू. वात्सल्य रत्नाकर आचार्य श्री विमलसागरजी महाराज की प्रेरणा से निर्मित सरस्वती भवन के अवलोकन करने पहुंचे, जहाँ समिति द्वारा 32 हजार से भी अधिक प्राचीन ग्रंथों का संग्रह किया गया है, उसको देखते हुए मुनिश्री की दृष्टि वहाँ विराजित एक भगवान महावीर स्वामी के जिनबिम्ब पर पड़ी जो कि लगभग 67 वर्ष पूर्व प्रतिष्ठित किये गये थे लेकिन किसी कारणवश विगत कई वर्षों से सरस्वती मंदिर में रख दिये थे। मुनिश्री ने सरस्वती मंदिर के प्रबंध से बात की कि यदि आप प्रतिमा का शुद्धीकरण करते हैं तो हम अभी आगे विहार नहीं करेंगे क्योंकि प्रतिमा पूर्णता योग्य है और इसकी पूजा-अर्चना मंदिर जी में होना चाहिए, उन्होंने भी ट्रस्ट कमेटी के मानद मंत्री श्री पराग जैन जी से बात की और सहमति प्राप्त होने पर लघुपंचकल्याणक की भूमिका बन गई। यही बड़ा अतिशय रहा कि जो प्रतिमा वर्षों से उपेक्षित थी जिस पर धूल चढ़ रही थी, वह मुनिश्री के निमित्त से पुन: पूज्यता को प्राप्त हो गई, एक और अतिशय यह रहा कि एक काले पाषाण के 7 इंच के जिनबिम्ब (महावीर स्वामी की ही प्रतिमा) जो कि पुजारी द्वारा प्रक्षाल करते समय वेदी से नीचे गिर जाने के कारण लोगों ने उसे खण्डित मानकर अन्यत्र रख दिया था, मुनिश्री ने उसे भी देखा और सभी प्रकार से निरीक्षण / परीक्षण करके उसका भी शुद्धीकरण लघुपंचकल्याणक के रूप में करके परमात्मा के संस्कार देकर पूज्य बना दिया।

प.पू. श्रमणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के मंगल शुभाशीष से कुछ ही घंटों में भूमिका बनी और प.पू.मुनि श्री सुप्रभसागर एवं प.पू. मुनि श्री प्रणतसागर जी महाराज ने एक ही दिन में दोनों प्रतिमाओं के लघुपंचकल्याणक करते हुए युगल जिनबिम्व को भगवत्ता की संज्ञा प्रदान कर दी।

राकेश भैया जी, मड़ावरा (उ.प्र.) का हुआ संघ प्रवेश-प.पू. मुनि श्री सुप्रभसागर जी महाराज ससंघ अपने गुरु की आज्ञा के एवं आशीर्वाद लेकर श्री सम्मेद शिखर एवं पंचतीर्थ की वंदना हेतु उज्जैन (मध्य प्रदेश) से पिछला वर्षायोग करके मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से पद विहार करते हुए लगभग 1500 किलोमीटर की यात्रा के साथ श्री सिद्धक्षेत्र राजगृही पहुँचे, जहाँ पंच पहाडी की वंदना के उपरांत लघुपंचकल्याणक के समय ब्र. राकेश भैया, मडावरा (उत्तर प्रदेश) के बार-बार निवेदन पर गुरु के आशीर्वाद से आज उन्हें भी संघ प्रवेश की स्वीकृति एवं वस्त्र परिवर्तन की स्वीकृति प्रदान कर दी। मुनि श्री का वर्ष 2019 का वर्षायोग मड़ावरा (उत्तर प्रदेश) की पुण्य धरा पर हुआ था तभी से राकेश भैया जी ने मोक्षमार्ग पर बढ़ने की भावना प्रकट की थी लेकिन कुछ पारिवारिक जिम्मेदारियां होने के कारण वह आगे नहीं बढ़ पा रहे थे। अब सभी पारिवारिक जिम्मेदारियों से मुक्त होकर मुनिश्री से उन्होंने निवेदन किया और मुनि ने भी उनकी भावनाओं को ध्यान में रखकर उन्हें आगे बढ़ने का सहर्ष आशीर्वाद प्रदान किया।

इस अवसर पर म.प्र., बिहार आदि अनेक प्रांतों के श्रावकगण उपस्थित रहे, जिन्होंने लघु पंचकल्याणक एवं भैयाजी के संघ प्रवेश जैसे महान कार्यों की अनुमोदना कर पुण्यार्जन किया। -**डॉ सुनील जैन संचय**

## बुंदेलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ ने ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प आयोजन वाला आदेश निरस्त करने की माँग उठायी

### शिक्षक समाज को शोषित व परेशान करने हेतु निर्गत आदेश सर्वथा अनुचित है- जितेंद्र दीक्षित

### अत्यवहारिक आदेश से बच्चों व शिक्षक दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा है- देवेश शर्मा



**ललितपुर ( विश्व परिवार )।** भीषण गर्मी को मद्देनज़र महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ. प्र. द्वारा ग्रीष्मावकाश में समर कैम्प आयोजन करने वाला जो आदेश निर्गत किया है उसको तुरंत निरस्त कराने हेतु बुंदेलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ ने माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री स्वतंत्र प्रभार उ.प्र. को सम्बोधित एक ज्ञापन झाँसी मंडल के सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक को सौंपा। ज्ञापन देते समय संघ के प्रदेश महामंत्री देवेश शर्मा ने कहा कि उ. प्र. में वर्तमान में परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है, ऐसे में इतनी भीषणतम गर्मी पड़ने के मध्य महानिदेशक महोदया द्वारा अपने आदेश क्रमांक गुण0- eco clubs/1566/24-25/दिनांक 24 मई 2024 के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों को खोलकर विभिन्न क्रिया कलाप आयोजित करने के निर्देश दिये गये हैं यह आदेश वर्तमान में भीषण गर्मी जहां तापमान 47 से 48 डिग्री बना हुआ है को देखते हुए एकदम अव्यवहारिक है ऐसे में बच्चों व शिक्षकों दोनों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा है। उ.प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र दीक्षित ने कहा ऐसे आदेशों से जहां एक ओर जनमानस में भी शासन के प्रति नकारात्मक छवि बन रही है और टाइम एन्ड मोशन का भी उल्लंघन प्रतीत हो रहा कि ऐसे आदेश जो सिर्फ वातानुकूलित दफ्तरों में बैठकर शिक्षक समाज को शोषित व परेशान करने हेतु ही निर्गत हो रहे हैं जो सर्वथा अनुचित हैं, ऐसे आदेश को मंत्री महोदय से निरस्त कराने की मांग की जाती हैं।

ज्ञापन देते समय उ. प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष झाँसी जितेंद्र दीक्षित, बुंदेलखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय सिंह, प्रदेश महामंत्री देवेश शर्मा, जिला संयुक्त मंत्री शिवकुमार पाराशर, आनंद मोहन मिश्रा, उमेश बबेले, डॉ. अखिलेश गोस्वामी जनार्दन पाल, प्रांतीय प्रवक्ता वीर दुबे, प्रांतीय सह प्रवक्ता विशाल जैन पवा आदि उपस्थित रहे। अंत में आभार डॉ. अनिरुद्ध रावत ने व्यक्त किया।

वहीं बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक जिला कार्यालय पर संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रसकेंद्र गौतम ने कहा कि बेसिक शिक्षक वर्ग वैकेशन स्टाफ में आता है। शिक्षक वर्ग को वित्तीय हस्त पुस्तिका के अनुसार समानुपातिक रूप में 30 दिन के उपार्जित अवकाश के सापेक्ष 21 मई से 15 जून तक का ग्रीष्मावकाश स्वीकृत है।

ग्रीष्मावकाश में विद्यालय के शिक्षक एवं छात्र/छात्रायें अपने-अपने परिवारों के साथ निजी भ्रमण के कार्यक्रम में भी रहते हैं। ग्रीष्मावकाश की अवधि में दिनांक 05 जून, 2024 से 11 जून, 2024 तक समर कैम्प के आयोजन का निर्देश जारी किया गया है जो विधिक दृष्टि से उचित नहीं है। इन कार्यक्रमों के कारण विद्यालयों के शिक्षक एवं छात्र/छात्राएं ग्रीष्मावकाश का समुचित उपभोग नहीं कर पाते हैं, साथ ही उपार्जित अवकाश के सापेक्ष ग्रीष्मावकाश की स्वीकृति प्राय: निरर्थक सिद्ध हो रही है, ग्रीष्मावकाश की विधिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक वर्ग एवं छात्र/छात्राओं को ग्रीष्मावकाश अवधि में किसी भी तरह का काम मंजूर नहीं, बेसिक शिक्षको को भी ऋज्ञश्व के तहत 220 कार्यदिवस होने चाहिए परंतु बेसिक शिक्षको के 256 कार्यदिवस हो रहे जो नियमानुसार गलत है, केंद्रीय विद्यालयों में 70 दिन के अवकाश होता है और बेसिक में सिर्फ 30 दिन का। बैठक में महामंत्री महेश साहू ने कहा कि ग्रीष्मकालीन अवकाश में दिनांक 5 जून से 11 जून 2024 तक परिषदीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शिक्षकों द्वारा समर कैंप / गतिविधियां आयोजित किए जाने के निर्देश प्रदान किये गए हैं।

बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी अवकाश तालिका के क्रम में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 20 मई से 15 जून 2024 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित हो चुका है। तत्क्रम में 20 मई को समस्त परिषदीय विद्यालय बंद हो चुके हैं एवं अधिकतर शिक्षक/शिक्षिकाएं प्रदेश के सुदूर क्षेत्रों में स्थित अपने अपने मूल निवास स्थान/गृह जनपद को प्रस्थान कर चुके हैं तथा वर्तमान में अपने पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में व्यस्त हैं।अन्य कर्मचारियों को एक वर्ष में 30 दिन का अर्जित अवकाश मिलता है परन्तु बेसिक शिक्षकों को अभी तक अर्जित अवकाश अनुमन्य नही किए गये हैं। जबकि संगठन द्वारा आपसे निरंतर बेसिक शिक्षकों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के स्थान पर 27 श्वरु अर्जित अवकाश प्रदान करने की मांग की जा रही है परन्तु यह मांग अद्यतन लंबित है जो कि खेद का विषय है। -**विशाल जैन**

# स्कूलों में ड्रॉपआउट बच्चों की वजह जानने टीम बनाकर करें सर्वे : कलेक्टर अभिजीत सिंह

## आरटीई के संबंध में अशासकीय स्कूल संचालकों की बैठक लेकर दिए निर्देश




**कांकेर(विश्व परिवार)।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने रविवार को अशासकीय स्कूलों के संचालक, प्राचार्य एवं प्रधान अध्यापकों की बैठक लेकर नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रवेश प्रक्रिया एवं ड्रॉपआउट (शाला त्यागी) विद्यार्थियों की स्थिति की जानकारी लेते हुए विस्तृत समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने बच्चों के ड्रॉपआउट के कारणों को जानने के लिए टीम बनाकर सर्वे कराने और उनका यथासंभव समाधान कर पुन: स्कूलों में प्रवेश दिलाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने अध्ययनरत् बच्चों का नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए सत्यापन कराने को भी कहा। उन्होंने अशासकीय स्कूल संचालकों से कहा कि देश में गुरू-शिष्य की परंपरा का पालन करते हुए शिक्षा का अधिकार (आर.टी.ई.) अधिनियम के तहत प्रवेशित बच्चों को दूसरे बच्चों की तरह बेहतर शैक्षणिक माहौल प्रदान करें। उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने कहा कि जिले में ड्राप आउट बच्चों की संख्या बहुत ज्यादा है। ऐसे में ड्रापआउट के कारणों को जानने एवं उसके समाधान के लिए कारगर योजना बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक बच्चे का कक्षावार सर्वे कराएं और उनके शैक्षणिक माहौल, पारिवारिक स्थिति सहित सभी पहलुओं पर जानकारी प्राप्त करते हुए ड्रापआउट के वास्तविक कारणों का पता लगाएं। उन्होंने स्कूल संचालकों से कहा कि आर.टी.ई. के तहत अध्ययनरत बच्चों के प्रति सकारात्मक रवैया अपनाएं। एडमिशन के बाद उन्हें पुस्तक समय पर मिल जाए। कक्षा में पढ़ाई के दौरान में अध्यापकों द्वारा उनके साथ अन्य विद्यार्थियों के भांति समान व्यवहार करें। स्कूल प्रबंधन के किसी भी प्रकार के व्यवहार से ड्रॉप आउट की स्थिति नहीं आनी चाहिए। इस पर कलेक्टर ने आर.टी.ई. के तहत स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों की उपस्थिति की हर तीन महीने में सत्यापन कराने के भी निर्देश दिए। जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने कहा कि आर.टी.ई. के तहत द्वितीय चरण में शेष सीट हेतु 15 जून से प्रवेश प्रारंभ हो रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने अपने ही चार साल के बच्चे की गला काटकर हत्या कर दी

**बलरामपुर(विश्व परिवार)।** इससे पहले आरोपी ने एक मुर्गे की भी जान ली। बताया जा रहा है कि आरोपी ने हत्या से पहले परिजनों से कहा था कि वह किसी की बलि देगा। मामला शंकरगढ़ थाना क्षेत्र का है। बलरामपुर रामनुजगंज जानकारी के मुताबिक, महुआडीह निवासी कमलेश नगेशिया (26) कुछ दिनों से बड़बड़ कर रहा था। इसके बाद शनिवार देर शाम वह चाकू लेकर घूम घर में घूमने लगा। परिजनों ने देखा तो उसकी मानसिक स्थिति को देखते हुए ध्यान नहीं दिया। रात को खाना खाने के बाद सब सोने के लिए चले गय। कमलेश नगेशिया की पत्नी भी दोनों बच्चों को लेकर कमरे में चली गई। सुबह करीब 4 बजे उसकी नींद खुली तो देखा कि बड़ा बेटा अविनाश (4) उसके बगल में नहीं है। इस पर उसने कमलेश से अविनाश के बारे में पूछा तो उसने बताया कि आंगन में बलि चढ़ा दी है। इतना सुनते ही कमलेश की पत्नी दौड़ते हुए आंगन में पहुंची तो वहां अविनाश का सिर कटा शव पड़ा हुआ था। पास ही एक मुर्गा भी मरा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और आरोपी कमलेश को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी जितेंद्र सोनी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ कर उनका बयान दर्ज किया गया है। आरोपी दो दिनों से ही अजीब हरकत कर रहा था। पहले वह ठीक था। शाम को भी परिवारजनों के सामने उसने किसी की बलि चढ़ाने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया। मामले में पुलिस ने धारा 302, 201 का अपराध दर्ज किया है।

### जल जगार उत्सव में ग्रामीणों ने बूंद बूंद बचाने की ली शपथ

**धमतरी(विश्व परिवार)।** आगामी 15 जून तक जिले में आयोजित होने वाले जल जगार उत्सव की कड़ी में आज की मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम मोहंदी में जल संरक्षण संबंधी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर बूंद बूंद से बनता सागर हर बूंद की करो बचत, बूंद बूंद की बचत करना अपना फर्ज ही मानो, बचत की आदत है ये दौलत सबक हमे पढ़ाया, का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भी एकसाथ कहा कि हम सभी को मिलकर पानी बचाना पड़ेगा। पानी बचाने के लिए उन्होंने वृक्षारोपण सहित गांवों में जलस्त्रोतों की साफ-सफाई, रूफ्टॉप स्ट्रक्चर, रैन वाटर हार्वेस्टिंग और वेस्ट वाटर रिचार्ज संरचना बनाने की भी संकल्प लिया। कार्यक्रम में जल प्रहरी श्री नीरज वानखेड़े ने विभिन्न स्ट्रक्चर और रैन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जानकारी दी। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी और ग्रामीणों ने जल को संरक्षित करने की शपथ भी ली। शपथ में कहा गया कि हम पानी बचाने और उसके सही इस्तेमाल, पानी की हर बूंद का ख्याल रखेंगे, ''कैच द रेन'' अभियान को बढ़ावा देंगे, पानी को अनमोल संपदा मानेंगे और इसका सही इस्तेमाल करेंगे., हम अपने परिवार, पड़ोसियों और अधिकारियों को भी पानी का सही इस्तेमाल करने और उसे बर्बाद न करने के लिए प्रेरित करेंगे, यह ग्रह हमारा है और हम ही इसे बचा सकते हैं और अपना भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### लोहे के खंभे से टकराई बेकाबू ट्रैक्टर-ट्राली

**कोरबा(विश्व परिवार)।** अंचल के सीतामढ़ी क्षेत्र स्थित शनि मंदिर गेट के सामने लगे लोहे की खंभे से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि लोहे की खंबा झुक गया। जोरदार आवाज सुनकर पूजा कर रहे श्रद्धालु बाहर आ गए और आसपास के लोग भी जुट गए। मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने जानकारी देते हुए बताया नगर निगम क्षेत्र के कचरा फेंकने वाला एक ट्रैक्टर शनि मंदिर तिराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे ऑटो को बचाने के चक्कर शनि मंदिर के सामने मंदिर के दीवाल से 1 मीटर दूरी पर लगे लोहे के खंबे पर टकरा गया। यदि खंबा नहीं रहता तो ट्रैक्टर शनि मंदिर अंदर घुस जाता और एक बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता था। हादसे के वक्त शनि मंदिर के अंदर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा कर रहे थे, इस हादसे के समय शनिवार होने की वजह से बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे श्रद्धालु, मंदिर के सामने बैठे भिक्षुक व मंदिर के बगल में नारियल दुकान का संचालक बाल-बाल बच गए। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया की कई बार इस तिराहे पर घटना घट चुकी है पर आज तक किसी तरह की जनहानि की खबर सामने नहीं आई है। आज भी भगवान शनि देव लोहे के खंभे के रूप में आकर एक बड़ा हादसा घटित होने से बचा लिया। यह स्थान डेंजर जोन है क्योंकि तिराहे के साथ-साथ एक बड़ी ढलान भी है शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं पूजा करने पहुंचते हैं साथ ही रेलवे स्टेशन मार्ग होने के कारण ट्रेन के समय वाहनों की लंबी कतार लग जाती है वही ट्रैक्टर चालक सहित अन्य वाहन चालक चढाई होने के कारण तेज रफ्तार से चलते हैं। इससे कभी भी कोई गंभीर घटना घटने की संभावना बनी रहती है।

# जिला पंचायत सीईओ ने राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई तीनों जिले में किया दौरा

**कार्यों में गति लाने के दिए निर्देश**

**गंदगी पाये जाने पर तीन सचिवों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई**

**राजनांदगांव(विश्व परिवार)।** जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी एवं खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई तीनों जिले में कार्यों में गति एवं प्रगति लाने हेतु ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर दौरा एवं निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ ने विकासखण्ड जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने राजनांदगांव विकासखण्ड के ग्राम भंवरमरा के ऑक्सीजोन में स्वच्छता बनाये रखने हेतु सामुदायिक शौचालय निर्माण हेतु स्थल का चयन किया गया एवं कार्ययोजना के संबंध में ग्रामीणों से चर्चा की। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम भोडिया में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य जल्द से जल्द प्रारंभ कराये जाने हेतु निर्देश दिए तथा ग्राम स्तर पर कचरे का ढेर पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए पंचायत राज अधिनियम के तहत जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई तथा भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाये जाने पर कठोर दण्डात्मक कार्रवाई हेतु सचेत किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने तालाब गहरीकरण का निरीक्षण किया। उन्होंने डोंगरगांव विकासखण्ड के ग्राम-खुर्सीपार में नाली से निकलने वाले ग्रेवाटर रोड में बहने के कारण तथा साफ-सफाई नहीं होने से गहरी नाराजगी व्यक्त की और ग्राम पंचायत सचिव पर तत्काल 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की। उन्होंने ग्राम नदिया में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया, जिसमें इनलेट एवं आउटलेट के सुधार एवं वृक्षारोपण की तैयारी हेतु निर्देश दिया। साथ ही गंदगी पाये जाने के कारण ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई । जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम भाखरी (रातापायली) का निरीक्षण किया गया । जहां उन्होंने वृक्षारोपण का अवलोकन किया । साथ ही गेप-फिलिंग की जगह पर वृक्ष लगाने हेतु निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम किरगी में कचरा संग्रहण कर रहे स्वच्छागग्राहियों को और अच्छे से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। साथ ही ग्रामीण स्तर पर गंदगी पाये जाने पर ग्राम पंचायत सचिव के ऊपर 250 रूपए का जुर्माना लगाने की कारईवाई किया। उन्होंने ग्राम अमलीडीह में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र का अवलोकन किया। यहां एकत्र हो रहे प्लास्टिक के प्रसंस्करण, प्रबंध एवं उपयोग के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

# शराब के नशे में एक युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा(विश्व परिवार)।** पति के शराब पीने से त्रस्त पत्नी दो वर्ष से अपने मायके में रह रही थी। मासूम बच्चों के साथ रहे शराबी पति ने अपने घर में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। घटना मानिकपुर पुलिस चैकी अंतर्गत दादरबस्ती के प्रेमनगर की है। यहां निवासरत कृष्ण कुमार यादव 36 वर्ष गत रात शराब के नशे में घर पहुंचा थाए इसके बाद बिना खाना खाए वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब काफी समय बीतने के बाद भी घर से बाहर नहीं निकलाए तो घर वालों को अनहोनी की आशंका हुई। दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे स्वजनों ने कृष्ण कुमार को फांसी के फंदे पर लटका हुआ देखा। सूचना मिलने पर मानिकपुर चैकी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। जांच अधिकारी अखिलेश यादव ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज किया। इसके साथ ही शव को पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दिया। चैकी प्रभारी प्रेम साहू ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ ही बयान लेने के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। बताया जा रहा है कि कृष्ण कुमार शराब का आदी था और अक्सर नशे में धुत रहता था। इसके परेशान होकर पत्नी मायके में जाकर रहने लगी थी। पांच साल पहले शादी हुई थी और उनके दो बच्चे भी थेए जो अपने पिता कृष्ण कुमार के साथ रहते थे।

# एसईसीएल के रिटायर हुए विश्वकर्मा को साथी कर्मियों ने दी भाव भीनी विदाई

**कोरबा(विश्व परिवार)।** एसईसीएल दीपका में सीनियर ओवरमैन के पद से रिटायर हुए बीएल विश्वकर्मा को विदाई देते हुए भव्य समारोह आयोजित किया गया। साथी कर्मचारियों ने कार्यक्रम में उनके सर्विस के दौरान की खट्टी मीठी यादें साझा करते हुए खुशियां बांटी। श्री विश्वकर्मा के जीवन के अगले चरण की शुरुआत पर शुभकामनाएं प्रदान करने के साथ उन्हें सम्मानित किया गया। विश्वकर्मा एसईसीएल दीपका परियोजना में वरिष्ठ ओवरमेन के पद पर पदस्थ रहे। उन्हें साथी कर्मियों ने सेवानिवृत्त होने के पश्चात विगत दिनों इन्मोशा परिवार एसईसीएल दीपका द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा द्वारा उनके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को याद किया गया। श्री विश्वकर्मा ने भी अपने उद्बोधन में सभी को सुरक्षित रहते हुए कार्य करने की शुभकामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जेबीसीसीआई सदस्य एवं भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य लक्ष्मण चन्द्रा, इन्मोशा परिवार के वरिष्ठ सदस्य एस बोस मंच पर मौजूद थे। सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से अनिल प्रसाद, सरजू रत्नाकर, इमरान अहमद, एस टोप्पो, महादेव, नरेंद्र कुमार, विनोद पटेल, कार्तिक राम केवट , संतोष पटेल सहित काफी संख्या में माइनिंग स्टाफ उपस्थित थे। मंच का सफल संचालन आलोक कुमार शर्मा वरिष्ठ ओवरमेन ने किया। कार्यक्रम के अंत में श्री विश्वकर्मा को यादगार के रूप में स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

# साल एवं अन्य प्रजाति के पेड़ों को अवैध रूप से काटकर ले जा रहे ट्रैक्टर ट्राली जप्त



**कोरबा(विश्व परिवार)।** कटघोरा वन मंडल पाली परिक्षेत्र में ग्राम लाफा के पास छपराही मोहल्ला ट्रैक्टर मे भर कर ले जा साल को वन कर्मियों ने वाहन समेत जब्त किया है। भारतीय वन अधिनियम तहत वनोपज का अवैध परिवहन का मामला वाहन चालक पर दर्ज किया गया है। पाली वन परिक्षेत्र के लाफा के आसपास पेड़ों के अवैध कटाई की सूचना वन विभाग को लगातार मिल रही थी। वन विभाग की ओर से दल गठित कर रात्रि गश्त शुरू किया गया। इस दौरान गुरूवार की रात गश्त के दौरान टीम छपराही मोहल्ला ग्राम लाफा पहुंची। यहां सड़क मार्ग से ट्रैक्टर वाहन में साल एवं अन्य प्रजाति के ताजा गीला लकड़ी को लोड कर परिवहन करते पाया गया। पूछताछ में वनोपज परिवहन के संबंध में मौके पर किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। वन कर्मियों ने उक्त अवैध वनोपज के परिवहन में उपयोग किया वाहन सहित लोड लकड़ी को जब्त किया गया। आरोपी वाहन चालक सोहेल कुमार व मयंक पांडेय लाफा निवासी के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया है।

# नक्सलियों के बंद को बीजापुर के जनमानस ने सिरे से नकारा

**साप्ताहिक बाजार में दिखी रौनक, अंदरूनी क्षेत्रों की दुकानें आम दिनों की तरह संचालित हुई**



**बीजापुर(विश्व परिवार)।** प्रतिबंधित माओवादी संगठन ने 26 मई को बंद का आह्वान किया था, जिसका असर बीजापुर जिले में नहीं पड़ा। जिले के नागरिकोंम व्यापारियों ने स्वस्फूर्त अपनी दुकानें अन्य दिनों की तरह संचालित की। यातायात व यात्री बसे, आटो रिक्शा इत्यादि आवागमन के साधन भी सुचारू रूप से संचालित हुआ। वहीं आम नागरिकों ने भी उत्साहपूर्वक सहयोग किया। प्रतिबंधित संगठनों द्वारा इसके पूर्व भी दो बार बंद का असफल आह्वान कर चुके है। और आज भी जिले के नागरिकों ने नक्सलियों के उम्मीदों पर पानी फेरते हुए बंद को पूरी तरह असफल किया। वहीं आज बीजापुर मुख्यालय का साप्ताहिक बाजार का दिन होने के कारण बीजापुर के सुदूर गांवो सहित अन्य जिले के नागरिक एवं व्यापारी भी पूर्व की भांति बाजार पहुंचे। बाजार मे रौनक देखने को मिला। अब बीजापुर की नागरिक नक्सलियों के भय और आतंक को नकारते हुए शासन-प्रशासन पर भरोसा कर जिले में शांति व्यवस्था के लिए प्रयास कर रही है और इनके आंतक और भय के माहौल के विरूद्ध खड़ी हुई दिखाई पड़ रही है। बीजापुर जिला मुख्यालय सहित भोपालपटनम, भैरमगढ़, उसूर सहित अन्य अंदरूनी क्षेत्रों में नागरिकों एवं व्यापारियों ने भयमुक्त होकर अपनी व्यवसाय चालू रखा।

## बेमेतरा हादसे में श्रम मंत्री ने जताया दु:ख, अधिकारियो से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**कोरबा(विश्व परिवार)।** बेमेतरा के स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड बारूद फैक्ट्री में हुए हादसे पर उद्योग और श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने उद्योग, श्रम विभाग को फोन पर निर्देशित किया की तत्काल राहत कार्य शुरू करें। घायल हुए श्रमिकों को बेहतर इलाज की व्यवस्था करें। हादसे में हुई लोगों की मौत पर मंत्री श्री देवांगन ने गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना जताई है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की और कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावितों की हरसंभव मदद कर रहा है। मंत्री श्री देवांगन ने बारूद फैक्ट्री में दुर्घटना के संबंध में फैक्ट्री के द्वारा सुरक्षा व श्रम मानको के पालन के संबंध में शीघ्र परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने तथा पीडितों को नियमानुसार आवश्यक मदद उपलब्ध कराने निर्देशित भी किया। मंत्री देवांगन ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्वीट कर लिखा है की बेमेतरा के बारूद फैक्ट्री स्पेशल ब्लास्ट लिमिटेड में आज दुखद हादसा की खबर आई है। घटना किन वजहों से हुई है, सुरक्षा व श्रम मानको के पालन के संबंध में शीघ्र परीक्षण करने के निर्देश उच्च अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

## व्यापार समाचार

### एफआईआई, तिमाही नतीजों के साथ अगले हफ्ते ये फैक्टर्स शेयर बाजार के लिए होंगे अहम

**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय शेयर बाजार बीते हफ्ते ऑल-टाइम हाई पर बंद हुआ। इस दौरान निफ्टी ने 23,000 का स्तर को छुआ और सेंसेक्स भी पहली बार 75,500 के पार निकला। बीते हफ्ते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश दिए जाने की घोषणा के कारण बैंकिंग शेयरों में उछाल देखने को मिला और बैंक निफ्टी में 2 प्रतिशत की तगड़ी तेजी दर्ज की गई। अगले हफ्ते बाजार के लिए कई फैक्टर अहम रहने वाले हैं। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल का दाम, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और जापान एवं अमेरिकी बाजारों से आने वाले डेटा पर बाजार की नजर होगी। इसके साथ ही सोने, चांदी और करेंसी मार्केट में उतार-चढ़ाव का भी शेयर बाजार पर असर देखने को मिल सकता है। घरेलू स्तर पर चौथी तिमाही के नतीजे काफी अहम होने वाले हैं। डिविस लैब, टाटा स्टील और अपोलो हॉस्पिटल जैसी कंपनियां अगले हफ्ते नतीजे जारी करेंगी। अगर कंपनियों की ओर से अच्छे नतीजे आते हैं तो बाजार में तेजी जारी रह सकती है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश के आंकड़े भी बाजार की दिशा तय करने का काम करेंगे। आनंद राठी शेयर्स और स्टॉक ब्रोकर्स में डीवीपी-टेक्निकल रिसर्च, मेहुल कोठारी ने कहा, भारतीय बाजारों के लिए ये हफ्ता काफी अच्छा रहा। निफ्टी 23,000 के स्तर को छूने में कामयाब रहा। इस दौरान एनएसई बेंचमार्क में करीब 2 प्रतिशत की रैली देखने को मिली। ऐसा लगता है कि बाजार मान रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी आसानी से पूर्ण बहुमत हासिल कर लेगी। गिरावट की स्थिति में 22,800 से लेकर 22,600 का स्तर एक अच्छे सपोर्ट का काम निफ्टी के लिए करेगा। आगे कहा, निफ्टी इस समय ऊपरी स्तरों पर है और राइजिंग चैनल 23,100 से लेकर 23,200 के आसपास है। ये तभी टूट सकता है जब नतीजे बहुत ही अप्रत्याशित हों। इस वजह से हम बाजार में मुनाफा वसूली की राय दे रहे हैं।

### सैमसंग गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट पेरिस में होगा !

**सोल( एजेंसी )।** सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की ओर से गैलेक्सी अनपैक्ड के समर एडिशन का आयोजन जुलाई में पेरिस में किया जा सकता है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने ये जानकारी दी। बता दें, इस वर्ष 26 जुलाई से 11 अगस्त तक फ्रांस की राजधानी पेरिस में ही ओलंपिक खेलों का आयोजन होगा। सूत्रों ने बताया कि गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट ओलंपिक खेल शुरू होने से करीब दो हफ्ते पहले 10 जुलाई को शुरू होगा। इसमें गैलेक्सी जेड फोल्ड 6 और गैलेक्सी जेड फ्लिप 6 स्मार्टफोन और वियरेबल गैलेक्सी रिंग का भी अनावरण किया जा सकता है। यह दूसरी बार है जब दुनिया के सबसे बड़ी स्मार्टफोन कंपनी की ओर से नए फोल्डेबल फोन को पेश किया जाएगा। इससे पहले सोल में हुए गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट में पहली बार कंपनी ने फोल्डेबल फोन पेश किए थे। कंपनी की ओर से गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट साल में दो बार आयोजित किया जाता है। आमतौर पर ये जनवरी और अगस्त में होता है। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक कमेटी की आधिकारिक पार्टनर है। ओलंपिक खेलों के चलते कंपनी की ओर से फ्रांस की राजधानी पेरिस को गैलेक्सी अनपैक्ड इवेंट के समर एडिशन के लिए चुना गया है। इस बार उम्मीद की जा रही है कि गैलेक्सी सीरीज के स्मार्टफोन में ऑन-डिवाइस एआई दी जा सकती है, जैसे गैलेक्सी एस24 मॉडल में दी गई है, जिसे जनवरी में पेश किया गया था। इसके अलावा गैलेक्सी रिंग भी पेश की जा सकती है, जो कि एक हेल्थकेयर डिवाइस होगा। इसे कंपनी ने पहली बार फरवरी 2024 में स्पेन में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में प्रदर्शित किया गया था।

### मैं भारतीय टीम का कोच पद संभालने के लिए इच्छुक नहीं : माइकल हसी

**पर्थ( एजेंसी )।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग के बाद अब पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर माइकल हसी ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का कोच पद संभालने से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि वह जीवन के इस चरण में इस पर विचार करने में दिलचस्पी नहीं रखते हैं। गत 13 मई को बीसीसीआई ने शीर्ष पद के लिए राहुल द्रविड़ के उत्तराधिकारी पद के लिए आवेदन आमंत्रित किये थे जिसकी समय सीमा 27 मई थी। अगला भारतीय कोच एक जुलाई 2024 से 31 दिसंबर 2027 तक नियुक्त किया जाएगा। बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने इन दावों से इंकार किया है कि ऑस्ट्रेलियाई कोचों से शीर्ष पद के लिए संपर्क किया गया था। हसी ने आईपीएल 2024 में हाल ही में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ सहायक कोच का कार्यकाल समाप्त किया था। वह द हंड्रेड में वेल्श फायर के भी कोच हैं और ऑस्ट्रेलिया के घरेलू समर में फॉक्स क्रिकेट में भी कमेंटेटर हैं। हसी ने कहा,%%भारत दुनिया में किसी अन्य देश से ज्यादा क्रिकेट खेलता है। वे एक के बाद एक दौरा करते रहते हैं। यह आपके लिए काफी चुनौतीपूर्ण रहता है। आईपीएल आठ से दस सप्ताह रहता है जबकि शेष वर्ष आपको टीम के साथ रहना पड़ता है। %% हसी ने कहा, %%मैं अपने जीवन के इस चरण में ऐसे पद के लिए इच्छुक नहीं हूं। मैं एक सहायक या प्रमुख कोच की भूमिका से खुश हूं और थोड़ा बहुत मीडिया वर्क भी करता हूं। मैं कुछ समय घर में गुजार लेता हूं। आप हमेशा घर पर ज्यादा समय बिताना पसंद करते हैं। मेरा काफी व्यस्त कार्यक्रम है। %% स्टीफन फ्लेमिंग का नाम भारतीय कोच पद के लिए उछाले जाने के बारे में पूछने पर हसी ने कहा, %%इससे पता चलता है कि विश्व स्तर पर उनका कितना सम्मान किया जाता है लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह इस विचार को पसंद करेंगे।%% राजस्थान रॉयल्स का आईपीएल अभियान क्वालीफायर दो में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 36 रन की हार के साथ समाप्त हो जाने के बाद उनके क्रिकेट निदेशक और श्रीलंका के पूर्व कप्तान कुमार संगकारा ने भी खुद को भारतीय कोच पद की होड़ से बाहर कर लिया है।

# पाकिस्तान को टी20 विश्व कप फाइनल में जगह बनानी चाहिए : शाहिद अफरीदी



**दुबई( एजेंसी )।** पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी शाहिद अफरीदी का मानना है कि बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम आगामी 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल में जगह बना सकती है। उन्होंने वेस्टइंडीज में मेगा इवेंट के लिए परिस्थितियों का हवाला दिया और कहा कि यूएसए टीम के लिए उपयुक्त हो सकता है। यूनिस खान के नेतृत्व में पाकिस्तान ने 2009 में इंग्लैंड में पुरुष टी20 विश्व कप जीता। उनके पास शोपीस इवेंट के 2007 और 2022 संस्करणों में क्रमश: 2010, 2012 और 2021 में अंतिम-चार चरण तक पहुंचने के अलावा दो उपविजेता स्थान भी हैं। अफरीदी ने आईसीसी से कहा, मुझे लगता है कि पाकिस्तान को फाइनल में जगह बनानी चाहिए। इसका कारण यह है कि परिस्थितियां (वेस्टइंडीज और अमेरिका में) हमारी टीम के अनुकूल हैं। अगर हम अपनी टीम के स्पिनरों को देखें, तो वे शानदार हैं। हो सकता है कि वे फॉर्म में न हों, लेकिन मुझे पता है कि वे फॉर्म में वापसी करेंगे। वह इस बात से भी उत्साहित हैं कि पाकिस्तान की तेज गेंदबाजी लाइन-अप टी20 विश्व कप में क्या हासिल कर सकती है। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ, अब्बास अफरीदी और मोहम्मद आमिर के साथ पाकिस्तान के तेज आक्रमण की अगुवाई करेंगे। अफरीदी ने कहा, मुझे लगता है कि दुनिया की किसी भी क्रिकेट टीम में किसी के पास इतनी मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप नहीं है। हमारे सभी चार तेज गेंदबाजों के पास बहुत कौशल है और यहां तक कि अब्बास (अफरीदी) जैसे बेंच पर बैठे गेंदबाजों के पास भी बहुत कौशल है। उन्होंने कहा, अगर इतने अच्छे कौशल वाले खिलाड़ी इस विश्व कप में विश्व स्तरीय बल्लेबाजों के खिलाफ उतरेंगे तो वे अच्छा प्रदर्शन करेंगे। सभी नामों पर एक बड़ी जिम्मेदारी भी होगी। अफरीदी यह भी देखना चाहते हैं कि प्रतियोगिता में पाकिस्तान की बल्लेबाजी लाइन-अप का स्ट्राइक रेट अधिक हो। उन्होंने कहा, जो चीज मुझे परेशान करती है वह हमारे बल्लेबाजों की स्ट्राइक रेट है, खासकर सात से तेरह ओवर के चरण के बीच। मुझे उम्मीद है कि उस चरण में स्ट्राइक रेट में सुधार होगा। प्रति ओवर रन के संदर्भ में आठ या नौ रन प्रति ओवर की जरूरत होती है। लेकिन फिर भी पाकिस्तान मेरा पसंदीदा है।

## अदाणी पोर्ट 24 जून को सेंसेक्स में होगा शामिल, आईटी दिग्गज विप्रो होगा बाहर



**मुंबई( एजेंसी )।** अदाणी ग्रुप की पोर्ट कंपनी अदाणी पोर्ट एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन (एसईजेड) 24 जून को बीएसई के मुख्य बेंचमार्क सेंसेक्स में शामिल होने जा रहा है। अदाणी पोर्ट बीएसई के बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगा। एशिया इंडेक्स प्राइवेट की ओर से इंडेक्स में बदलाव के नतीजे जारी किए गए। इसमें बताया गया कि 24 जून को अदाणी पोर्ट सेंसेक्स में विप्रो की जगह लेगा। अदाणी पोर्ट की सेंसेक्स में एंट्री ने बाजार को आश्चर्यचकित किया है, क्योंकि इस हफ्ते बाजार में आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि अदाणी एंटरप्राइजेज, विप्रो की जगह सेंसेक्स में ले सकता है। कारोबारी सत्र में भी अदाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त एक्शन देखने को मिला। अदाणी टोटल गैस 2.5 प्रतिशत बढ़कर, अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस करीब 0.50 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। हालांकि, अदाणी एंटरप्राइजेज करीब सपाट बंद हुआ है। भारतीय बाजार में शुक्रवार के सत्र में सीमित दायरे में कारोबार देखने को मिला। सेंसेक्स 7 अंक और निफ्टी 10 अंक की गिरावट के साथ क्रमश: 75,410 अंक और 22,957 अंक पर बंद हुआ।

## सिंधु मलेशिया मास्टर्स के रोमांचक फ़ाइनल में तीन गेमों में हारीं



**कुआलालम्पुर( एजेंसी )।** दो बार की ओलम्पिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधु मलेशिया मास्टर्स का महिला एकल खिताब जीतने के करीब पहुंच गयी थीं लेकिन उन्हें रविवार को चीन की वांग झी यी से तीन गेमों के रोमांचक संघर्ष में 21-16, 5-21, 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु को एशियाई चैंपियन वांग से 79 मिनट में हार का सामना करना पड़ा। यह भारतीय खिलाड़ी का अप्रैल 2023 के बाद से पहला बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर फ़ाइनल था। यह उनका साल का सातवां टूर्नामेंट था। वह फरवरी में बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप में चोट लगने के बाद वापसी कर रही थीं। 28 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी का टूर्नामेंट में शानदार सफर रहा लेकिन फ़ाइनल में उनकी चुनौती थम गयी। सिंधु ने सेमीफाइनल में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को नाटकीय वापसी करते हुए हराया। उन्होंने क्वार्टर फ़ाइनल में टॉप सीड चीनी खिलाड़ी हान युई को हराकर बड़ा उलटफेर किया। लेकिन विश्व की सातवें नंबर की खिलाड़ी वांग के खिलाफ कहानी कुछ और थी। सिंधु की पहले गेम में अच्छी शुरुआत रही। उन्होंने नेट पर दबदबा बनाया और पहला गेम आसानी से 21-16 से जीत लिया। दूसरे गेम में स्थिति उलट गयी। सिंधु ने कई गलतियां कीं जिसका फायदा उठाकर वांग ने यह गेम एकतरफा अंदाज में 21-5 से जीतकर मैच में बराबरी कर ली। निर्णायक गेम में सिंधु ने आक्रामक प्रदर्शन किया। उन्होंने नेट पर नियंत्रण बनाते हुए वांग को बैकफुट पर धकेल दिया और 11-3 की बढ़त बना ली। लेकिन दुर्भाग्य से वह इसे बरकरार नहीं रख पायीं।

## 10 मिनट में चार्ज होगी इलेक्ट्रिक कार, भारतीय मूल के शोधकर्ता ने खोज निकाली खास तकनीक



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** भारतीय मूल के शोधकर्ता अंकुर गुप्ता और उनकी टीम ने एक नई तकनीक खोज निकाली है, जिसके जरिए एक इलेक्ट्रिक कार को 10 मिनट और खराब लैपटॉप या फोन को एक मिनट के भीतर चार्ज किया जा सकता है। जर्नल प्रोसीडिंग्स ऑफ द नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज में प्रकाशित एक शोध में शोधकर्ताओं ने पता लगाया कि आयन नामक छोटे आवेशित कण सूक्ष्म छिद्रों के एक जटिल नेटवर्क के भीतर कैसे चलते हैं। अमेरिका स्थित कोलोराडो बोल्डर विश्वविद्यालय में रासायनिक और जैविक इंजीनियरिंग के सहायक प्रोफेसर गुप्ता ने बताया, इस सफलता से 'सुपरकैपेसिटर' जैसे अधिक कुशल ऊर्जा भंडारण उपकरणों के विकास को बढ़ावा मिल सकता है। गुप्ता ने कहा, यह नई खोज वाहनों और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में ऊर्जा भंडारण के लिए ही नहीं बल्कि यह पावर ग्रिड के लिए भी महत्वपूर्ण है। जहां ऊर्जा की मांग में उतार-चढ़ाव के कारण समय बचाने और उच्च मांग के दौरान शीघ्र कुशल भंडारण की आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा, सुपरकैपेसिटर, ऊर्जा भंडारण उपकरण अपने छिद्रों में आयन संग्रह पर निर्भर करते हैं। यह बैटरी की तुलना में तेज चार्जिंग समय और लंबे जीवन काल वाले होते हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार सुपरकैपेसिटर की प्राथमिक अपील उसकी स्पीड पर निर्भर करती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि यह खोज मिनटों में हजारों परस्पर जुड़े छिद्रों के जटिल नेटवर्क में बैटरी में आयन के फ्लो को बढ़ाती है। इस शोध से पहले भी नई बैटरी प्रौद्योगिकी से बनने वाली इलेक्ट्रिक कारों के संबंध में कई शोध सामने आए हैं। इलेक्ट्रिक कारों को तीन श्रेणियों में चार्ज किया जा सकता है, जिसमें ट्रिकल चार्ज, एसी चार्ज और डीसी चार्ज शामिल है। ट्रिकल चार्ज की बात करें तो यह घर में ही इलेक्ट्रिक वाहनों को चार्ज करने का सबसे धीमा तरीका है, जिसमें एक मानक (तीन-प्रोंग) 220 वाट के प्लग का इस्तेमाल किया जाता है। वहीं 'एसी चार्ज' में वॉलवॉक्स स्थापित होने से बैटरी 3-4 गुना तेजी से चार्ज हो सकती है। एसी पब्लिक चार्जिंग भी उपलब्ध है।

## व्हाटसएप यूजर्स का डेटा हो रहा है लीक, एलन मस्क ने मैसेजिंग ऐप को लेकर किया बड़ा दावा



**नई दिल्ली( एजेंसी )।** वट्सऐप मैसेजिंग ऐप एक बार फिर से चर्चा में है। इस बार एलन मस्क ने दुनिया के सबसे पॉपुलर मैसेजिंग ऐप पर गंभीर आरोप लगाए हैं, जिसके बाद कई यूजर्स को अपने डेटा को लेकर चिंता होने लगी। दरअसल, दुनिया के सबसे अमीर लोगों में से एक एलन मस्क ने वट्स एप पर आरोप लगाया है कि डेली रात में यूजर्स के डेटा को ट्रांसफर करता है। एक्स प्लेटफॉर्म पर एक यूजर्स, जो टविटर के पूर्व कर्मचारी भी रह चुके हैं, उन्होंने पोस्ट किया। इसमें 12 घंटे की न्यूज का रिकैप था। इसमें 9वें नंबर पर लिखा था कि वट्स एप रात में यूजर्स डेटा एक्सपोर्ट करता है, जिसका एनालाइज किया जाता है और विज्ञापन के लिए उसका इस्तेमाल होता है। जहां यूजर्स को कस्टमर नहीं बल्कि प्रोडक्ट की तरह इस्तेमाल करते हैं। एलम मस्क ने इस पोस्ट को रि-शेयर किया और कहा कि वट्स एप डेली रात को डेटा शेयर करता है और कई लोग अभी भी सोचते हैं कि यह सेफ है। यह पहली बार नहीं है, जब मस्क ने मेटा की आलोचना की हो। इससे पहले भी यानी इस महीने की शुरुआत में मेटा को इस महीने की शुरुआत में उसकी विज्ञापन प्रैक्टिस के चलते आलोचना की थी। मस्क ने मेटा को सुपर लालची बताया था। हालांकि अभी तक वट्स एप की तरफ से इस पर कोई बयान नहीं दिया है।

## रेंज रोवर अब बनी मेड इन इंडिया : रेंज रोवर हाउस में पेश की जाएगी क्युरेटेड लक्ज़री

**मुंबई:** रेंज रोवर हाउस अपने एक्सक्लुज़िव, आधुनिक लक्ज़री अनुभव के साथ भारत पहुंच गया है, जिसे क्षेत्र में उपभोक्ताओं की पसंद को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया गया है। रेंज रोवर हाउस इंडिया, ने शानदार तटीय शहर अलीबाग में अपनी शुरूआत की है, जहां कुछ पहले रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट्स वाहनों को डिस्प्ले किया गया है, जिन्हें अब एक्सक्लुज़िव रूप से भारतीय बाज़ार के लिए भारत में बनाया जाएगा। भारत में रेंज रोवर के लक्ज़री बड़े एसयूवी वाहनों, भव्य रेंज रोवर और डायनामिक, आधुनिक परफोर्मेन्स के एसयूवी, रेंज रोवर स्पोर्ट्स की ब-सजयती मांग को देखते हुए, इन्हें पहली बार भारत के पुणे में स्थानीय रूप से बनाया जाएगा। इस कदम के साथ भारतीय क्लाइंट्स को रेंज रोवर के पिनाकल वाहनों के लिए कम इंतज़ार करना पड़ेगा और उपभोक्ताओं को आधुनिक लक्ज़री अनुभव प्रदान करने के लिए जेएलआर की क्षमता का विस्तार किया जाएगा। भारत पहला ऐसा देश होगा जो रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का स्थानीय निर्माण शुरू करने जा रहा है, जिसके तहत रेंज रोवर वेलर, रेंज रोवर इवोके, जैग्वार एफ-उचयपेस और डिस्कवरी स्पोर्ट्स शामिल हैं, जिन्हें पहली से पुणे स्थित जेएलआर की युनिट में स्थानीय रूप से निर्मित किया जा रहा है। भारतीय बाज़ार के लिए यह अतिरिक्त उत्पादन, रेंज रोवर के विश्वस्तरीय उत्पादन का पूरक होगा, जो सोलिहुल, युके में किया जाता है और 1970 से रेंज रोवर का मैनुफैक्चरिंग होम रहा है। सोलिहुल भी आगामी फुली-उचयइलेक्ट्रिक मॉडल और पिनाकल 'एसवी' वाहनों के लिए होम बना रहेगा। लेनार्ड हूरनिक, चीफ़ कमर्शियल ऑफिसर, जेएलआर ने कहा, ''पिछले कुछ सालों के दौरान भारत में लगातार आर्थिक विकास हुआ है और आने वाले समय में भी देश में इसी तरह प्रगति जारी रहने की उम्मीद है। इसी विकास के परिणामस्वरूप भारतीय क्लाइंट्स के लिए स्थानीय उत्पादन के अवसर उत्पन्न हुए हैं। भारत में रेंज रोवर और रेंज रोवर स्पोर्ट का स्थानीय निर्माण, देश में सबसे पसंदीदा आधुनिक लक्ज़री एसयूवी फैमिली के रूप में ब्राण्ड की स्थिति को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।''अब क्लाइंट्स के लिए रेंज का रोवर का निर्माण भारत में स्थानीय रूप से (मेड इन इंडिया) किया जाएगा, वहीं इसका शानदार ब्रिटिश डिज़ाइन अपनी खासियत को बरक़रार रखेगा और इसके लुक एवं तकनीकी आधुनिकता को नया अयाम देता रहेगा, जो रेंज रोवर ब्राण्ड का पर्याय है।'' जेराल्डाईन इंघम, मैनेजिंग डायरेक्टर, रेंज रोवर ने कहा, ''हमारे 53 सालों के इतिहास में दुनिया भर में, सर्वोच्च स्तर के क्लाइंट्स में रेंज रोवर की मांग लगातार ब-सजयी है।


**छत्तीसगढ स्टेट पॉवर डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड, उरला**

**// बिजली बंद की सूचना //**

(संचा./संधा.) संभाग छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि. उरला के अंतर्गत भनपुरी जोन समस्त सम्माननीय विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि आवश्यक रखरखाव एवं विस्तार कार्य हेतु 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र भनपुरी से निकलने वाले विद्युत प्रवाह दिनांक 28.05.2024, दिन मंगलवार को बंद रहेगा। आवश्यकता के अनुरूप समय में आंशिक परिवर्तन किया जा सकता है।

| क्र. | उपकेन्द्र / फीडर का नाम | प्रभावित क्षेत्र / उपभोक्ता | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 33/11 सबस्टेशन भनपुरी<br>1. 11 के.व्ही. उरकुरा<br>2. 11 के.व्ही. जूटमील<br>3. 11 के. व्ही धनलक्ष्मी इण्ड.<br>4. 11 के.व्ही. 9 ब्लॉक ओल्ड<br>5. 11 के.व्ही. 9 ब्लाक न्यू<br>6. 11 के.व्ही. धनलक्ष्मी फीडर | उरकुरा बस्ती, उरकुरा औद्यो.क्षेत्र, भनपुरी औ.क्षे., रामेश्वर नगर, धनलक्ष्मी नगर एवं आस-पास के क्षेत्र | 28.05.2024 | सुबह 10.00 से शाम 04.00 बजे |

Credible Chhattisgarh
विश्वसनीय छत्तीसगढ़

"विद्युत संबंधित शिकायतें केन्द्रीकृत कॉल सेन्टर के फोन नं० 1912 पर दर्ज कराएँ।"

असुविधा के लिए खेद है

" विद्युत चोरी एक दण्डनीय अपराध हैं कृपया इससे बचे"
"स्वहित एवं राष्ट्र हित में उर्जा बचाइए"

कार्यपालन यंत्री
(संचा०/संधा०) संभाग
छ.स्टे.पा.डि.कं.लिमि., उरला

दैनिक
# विश्व परिवार
महानगर

www.dvpnews.in
vishwapariwarraipur@gmail.com

रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024

## राज्यपाल श्री हरिचंदन से छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के सदस्यों ने की मुलाकात

**रायपुर (विश्व परिवार)।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में रितुराज साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ी भाषा छात्र विकास समिति के नेतृत्व में समिति के सदस्यों ने मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को राज्य मे शिक्षा, शासकीय कामकाज एवं रोजगार के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के संबंध में चर्चा कर उन्हें अवगत कराया और ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर समिति के सदस्य अजय पटेल, जितेन्द्र यादव, सुश्री पूजा परघनिया, सुश्री अदिति गुप्ता, सुश्री किरण देवांगन, विनय बघेल, अंकित देवांगन, संजीव साहू, श्री खेमराज उपस्थित थे।



## संक्षिप्त समाचार

### विजन डाक्यूमेंट संबंधी स्टेयरिंग कमेटी की बैठक सम्पन्न, विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने के कार्य में तेजी लाने के दिए गए निर्देश



**रायपुर (विश्व परिवार)।** अमृतकाल छत्तीसगढ़ विजन 2047 डाक्यूमेंट हेतु गठित स्टेयरिंग कमेटी की दूसरी बैठक राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष श्री अजय सिंह की अध्यक्षता एवं मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की सह अध्यक्षता में राज्य नीति आयोग में आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ 2047 विजन डाक्यूमेंट तैयार किए जाने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ शासन के अपर मुख्य सचिव धर्मस्व विभाग श्री सुब्रत साहू, गृह एवं जेल श्री मनोज पिंगुआ और वन एवं जलवायु परिवर्तन श्रीमती ऋचा शर्मा, मुख्यमंत्री के सचिवद्वय श्री पी. दयानंद और श्री बसवराजू एस. सहित सभी विभागों के भारसाधक सचिव, विभागाध्यक्ष, राज्य नीति आयोग के सलाहकार सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में विभागों के प्रमुख अधिकारियों को विजन डाक्यूमेंट तैयार करने तेजी से कार्य करने निर्देशित किया गया।

### ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखा जाए: अमर पारवानी

**चेंबर ने राज्य वाणिज्य कर मंत्री ओ.पी. चौधरी जी को ज्ञापन दिया**

**रायपुर (विश्व परिवार)।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी,विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि चेंबर द्वारा पत्र के माध्यम से ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना क्रमांक क्रमांक 10-31/2018/वाक/पांच(46) को यथावत रखने किया निवेदन। चेंबर प्रदेश अध्यक्ष श्री अमर परवानी जी ने बताया कि ईज डूइंग बिजनेस के तहत ई-वे बिल से संबंधित पूर्व अधिसूचना को यथावत रखने चेंबर ने पत्र के माध्यम से राज्य वाणिज्य कर मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी जी को ज्ञापन सौंपा। चेंबर प्रतिनिधि मंडल माननीय मंत्री जी से समय लेकर उनसे मिलेगी तथा पूर्व में जारी अधिसूचना के अंतर्गत ई-वे बिल से संबंधित वस्तुओं पर मिलने वाली छूट तथा ई-वे बिल की संख्या एवं अनुपालन से संबंधित जटिलताओं पर विस्तृत रूप से चर्चा करेगी।

## बारूद फैक्ट्रीकांड मामला : मानव अवशेषों का होगा डीएनए टेस्ट



**बेमेतरा-रायपुर (आरएनएस)।** बेमेतरा में बारूद की फैक्ट्री में हुए ब्लास्ट मामले में अब कलेक्टर रणवीर शर्मा का बड़ा बयान सामने आया है। घटना के लगभग 36 घंटे के बाद कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि, ब्लास्ट की घटना दुखद है।

कलेक्टर ने कहा कि जिन आठ लोग को लापता बताया जा रहा है, उन्हें हम लगातार ढूंढ रहे हैं। लेकिन जिस तरह से बारूद फैक्ट्री के मलबे से बॉडीज के पाट्र्स निकल रहे हैं उसे प्रथमदृष्ट्या यह माना जा रहा है कि वह लोग हमारे बीच नहीं है। कलेक्टर रणवीर शर्मा ने कहा कि, देर रात को रेस्क्यू का काम पूरा किया गया है। ह्यूमन बॉडी के कुछ अवशेष मिले है, जिन्हे डीएनए टेस्ट के लिए भेजा गया। कलेक्टर ने कहा कि, उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन से इस मामले में चर्चा की है।

कंपनी प्रबंधन की तरफ से मृतकों के परिजनों को 5-5 लॉक रुपए सहायता राशि दी जाएगी। रणवीर शर्मा ने कहा कि, अभी किसी तरह की एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। पूरे मामले की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होगी।

## बेमेतरा बारूद फैक्ट्री घटना पर राजनीति करने की कोशिश कर रही है कांग्रेस : अरुण साव



**रायपुर (विश्व परिवार)।** डिप्टी सीएम अरुण साव सोमवार को रायपुर आवास में पत्रकारों से विकसित छत्तीसगढ़ निर्माण के विजन को लेकर चर्चा की। साथ ही बेमेतरा की घटना पर कांग्रेस द्वारा राजनीति करने पर दुख जताया। उन्होंने कहा की, ये समय राजनीति का नहीं है।उपमुख्यमंत्री साव ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 का विजन देश के सामने रखा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सरकार की आगामी योजनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने पर चर्चा हुई है। श्री साव ने कहा कि सरकार छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूत कर विकसित राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम मोदी के विजन के अनुरूप हमारी सरकार प्रदेश को अग्रणी राज्य बनाने की तैयारी कर रही है।

उपमुख्यमंत्री ने बेमेतरा बारूद फैक्ट्री की घटना पर कहा कि, सरकार शुरू से इस घटना को लेकर गंभीर है। मौके पर राहत और बचाव कार्य जारी है। सेना की विशेषज्ञ टीम से मदद ले रहे हैं। लेकिन कांग्रेस इस पर राजनीति कर रही है। कल कांग्रेस का जांच दल घटना स्थल पर गया था। इस दौरान प्रशासन ने उनका पूरा सहयोग किया। साव ने बताया कि, मामले की मजिस्ट्रियल जांच कराई जाएगी। जांच में जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

नक्सलियों के खिलाफ सरकार की कार्रवाई पर कांग्रेस द्वारा सवाल उठाए जाने पर साव ने कहा कि, इन्होंने पांच साल नक्सलियों को पाला पोसा है, अब जब कार्रवाई हो रही है तो इनके पेट में दर्द हो रहा है। सवाल कर ये जनता में भ्रम फैला रहे हैं, जिसे जनता जान चुकी है। इसलिए आज कांग्रेस की स्थिति दयनीय हो गई है।

## बिना सर्जरी के अब दांतो का होगा उपचार

**रायपुर (आरएनएस)।** दांतो में किसी कारण चोट लगने या सड़न होने पर होने वाले इन्फेक्शन जिसको पेरी एपीकल लीजन कहा जाता है यह धीरे-धीरे जबड़े की हड्डी में फैलने लगता है, जिसका सही समय पर उपचार न होने के वजह से हड्डी गलने लगती है। पूर्व में इसका उपचार सर्जरी द्वारा ही किया जाता था।

यह उपचार शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर के कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एंड एंडोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजीव कुन्हप्पन द्वारा बिना सर्जरी के ही नई अत्याधुनिक पद्धति ट्रिपल एंटीबायोटिक पेस्ट व एम टी ए का उपयोग करके रूट कैनाल ट्रीटमेंट से इलाज किया जाता हैं।

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर पूरे छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे भारत में इस पद्धति से इलाज के लिए विख्यात है। यहां दूर दूर से मरीज इलाज के लिए आते है। इस पद्धति की खोज डॉ संजीव कुन्हप्पन द्वारा की गई है। अब यह पद्धति भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय के माध्यम से डॉ संजीव द्वारा पेटेंट करा लिया गया है। जो कि शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है।

## अनिल कुमार ने एनटीपीसी लारा में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यभार संभाला



**रायपुर (विश्व परिवार)।** श्री अनिल कुमार ने 26 मई 2024 को एनटीपीसी लारा में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यभार संभाला है। श्री अखिलेश सिंह के स्थानांतरण के पश्चात श्री अनिल कुमार ने कार्यकारी निदेशक पद पर परियोजना प्रमुख का कार्यभार संभाला है। इस से पहले श्री अनिल कुमार मध्य प्रदेश के झाबुआ पावर स्टेशन के सीईओ पद पर कार्यरत थे।

श्री अनिल कुमार ने वर्ष 1987 में एनटीपीसी में नियुक्ति हुई। लारा में पदस्तापना से पहले, उन्होंने एनटीपीसी के बदरपुर, फरीदाबाद, देश के सबसे बड़े बिजली संयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल, मेजा, एनटीपीसी के नोएडा कार्यालय और झाबुआ बिजली संयंत्र में अपनी सेवाएँ प्रदान किए थे। एनटीपीसी लारा स्टेशन 1600 मेगावाट की स्थापित क्षमता के साथ छत्तीसगढ़ का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्टेशन है। यह स्टेशन में 800 मेगावाट की 02 इकाइयाँ कुल 1600 मेगावाट क्षमता वर्धन की कार्यप्रगति पर है। उत्पादित बिजली का 50 प्रतिशत केवल छत्तीसगढ़ राज्य को आपूर्ति की जाती है और शेष राशि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन और दीव को आपूर्ति की जाती है। उनकी नियुक्ति लारा परियोजना के लिए प्रगति और समृद्धि के एक नए अध्याय का प्रतीक है, जो छत्तीसगढ़ और राष्ट्र के लिए विश्वसनीय ऊर्जा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। अपने शानदार 37 साल के कैरियर के दौरान अनिल कुमार ने परिचालन दक्षता बढ़ाने और प्रदर्शन के उच्च मानकों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके नेतृत्व की विशेषता रणनीतिक दृष्टि और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता है, जो परियोजना को सफलता की ओर ले जाती है।

श्री कुमार ने इस अवसर के लिए आभार व्यक्त किया और परियोजना की अखंडता और नवीनता के मूल्यों को बनाए रखने के लिए अपने समर्पण की पुष्टि की है।

## मनोहर गौशाला को संस्थागत उदयाचल अवार्ड, जीवदया के श्रेष्ठ उपक्रम के लिए मिला सम्मान



**रायपुर (विश्व परिवार)।** मनोहर गौशाला खैरागढ़ को संस्थागत उदयाचल अवार्ड से नवाजा गया है। यह अवार्ड राज्य में गौ सेवा के कार्यों में समर्पित संस्थान, गौ सेवा रिसर्च सेंटर का कुशल संचालन, पांच गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड से सम्मानित, जीवदया का श्रेष्ठ उपक्रम के लिए दिया गया है। उदयाचल राजनांदगांव द्वारा अपने 56वें स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान मनोहर गौशाला के ट्रस्टी अखिल जैन (पदम डाकलिया) को दिया गया। सम्मान के दौरान गौशाला के ट्रस्टी महेंद्र लोढ़ा, निर्माण परामर्श दाता प्रवीण पारख, गौ सेवक चमन डाकलिया भी मौजूद रहे।

सम्मान मिलने पर अखिल जैन ने कहा कि यह सब देवगुरु धर्म की कृपा है और आप सभी का सहयोग है कि उदयाचल संस्था द्वारा इतना बड़ा सम्मान हमें दिया गया है। इसलिए यह सम्मान आप सभी को सादर समर्पित है। गोयल ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुरेश गोयल और उदयाचल संस्था के ऊर्जावान अध्यक्ष राजेन्द्र बाफना ने यह सम्मान दिया। मंच पर विराजित सभी अतिथियों को गाय एक वरदान पुस्तक भी भेंट किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी बजारन लाल अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, उदयाचल संस्था के सदस्य, रायपुर के कई बड़े उद्योगपति, अधिकारी-कर्मचारी सहित नागरिक मौजूद थे।

## श्री दिगम्बर जैन मालवीय रोड बड़ा मंदिर में पुण्यार्जक श्री सुरेश-मंजू मोदी परिवार द्वारा श्री भक्तामर विधान का आयोजन सम्पन्न





**रायपुर (विश्व परिवार)।** आज ज्येष्ठ कृष्ण तृतीया, रविवार 26 मई 2024 को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर श्री दिगम्बर जैन मंदिर, मालवीय रोड बड़े मंदिर जी में विराजित मूलनायक श्री आदिनाथ भगवान के समक्ष भक्तामर विधान की श्रृंखला के द्वितीय सप्ताह में विधान के पुण्यार्जक श्री सुरेश-मंजू मोदी परिवार के द्वारा भगवान का अभिषेक पूजन, विधान पं संजय जैन के मार्गदर्शन में एवं ट्रस्ट मण्डल, कार्यकारणी सदस्य एवं समाज के लगभग लोगों की उपस्थिति में सहर्ष संपन्न हुआ।

पंडित नितिन जी एवं प्रभारी श्रीमति संध्या दिलीप जैन के सानिध्य में श्री आदिनाथ विद्या धार्मिक पाठशाला अंतर्गत समाज के बच्चो ने जैन विधि अनुसार आज अभिषेक, शांतिधारा व पूजन किया तत्पश्चात विद्यासागर हॉल में बाल बोध धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण हेतू नई डिजिटल तकनीक के द्वारा जैन 24 तीर्थंकारों के नाम, चिन्ह, गुणों पर आधारित वीडियो के चित्रण को 50 बच्चो ने देख कर समझा।बच्चों में उत्साह बना रहे इसलिए उत्कृष्ट छात्रों को पुरस्कृत किया गया जिनके पुण्यार्जक श्री इंद्रकुमार अनिलकुमार जैन, झाबक बाड़ा (भाटापारा वाले) व स्वल्पाहार पुण्यार्जक श्री राजकुमार दिनेश जैन(जैन जूस) एवं श्री सुरेशचंद जी जैन चूड़ीवाला परिवार बने।

कार्यक्रम में मैनेजिंग ट्रस्टी-नरेंद्र जैन (गुरुकृपा), ट्रस्टी-सनत जैन (चूड़ीवाले ), संजय जैन (सतना ), पूर्व मैनेजिंग ट्रस्टी-डॉ देव कुमार जैन, सचिव-सुजीत जैन, कोषाध्यक्ष-दिलीप जैन, उपाध्यक्ष-श्रद्धेय जैन, नीरज जैन सहसचिव-आशीष अनूप जैन एवं सुनील जैन, राजेश सिंघई, अनमोल जैन, नवीन मोदी, प्रत्युष जैन, दिनेश जैन, राशु जैन, सचिन जैन, रविन्द्र जैन, अनुराग जैन एवं महिला मंडल प्रमुख रूप से उपस्थित रही। **-लोकेश चंद्रकांत जैन**

## एएम/एनएस इंडिया प्रोजेक्ट दक्ष के तहत् दंतेवाड़ा के युवाओं को दे रही रोजगार के अवसर, रोजगार मेला में 110 युवों को मिला रोजगार



**रायपुर (विश्व परिवार)।** एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा युवाओं को सक्षम बनाने एवं उन तक रोजगार के विभिन्न अवसर पहुंचाने रायपुर एवं दंतेवाड़ा जिले में प्रोजेक्ट दक्ष के तहत कौशल विकास केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इस पहल के जरिये रायपुर एवं दंतेवाड़ा के लगभग 400 युवाओं का कौशल उन्नयन किया जा रहा है ताकि वे ना सिर्फ आर्थिक तौर पर बल्कि सामाजिक तौर पर भी विकास करें।

एएम/एनएस इंडिया कम्पनी ने दंतेवाड़ा में रोज़गार की पहल को गति देने के लिए AISECT ने डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर और आईटी हेल्प डेस्क अटेंडेंट के लिए प्रशिक्षित बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्रों में उपयुक्त नौकरी के अवसर प्रदान करने के लिए रोज़गार मेले का आयोजन किया गया।

दंतेवाड़ा केन्द्र में आयोजित इस एक दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न कम्पनियों के 15 नियोक्ता एवं 250 युवा बेरोजगारों ने भाग लिया। कोटक महिंद्रा, अंश होंडा, अग्रवाल स्टोर, सिंह मार्ट, हीरो शोरूम, मैंनके फर्नीचर, रेनॉल्ट, क्वैश, याजाकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मालवीय स्टोर, सुरेश इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रज्ञा गैस एजेंसी और सीजी इलेक्ट्रिकल्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी कम्पनियों ने उपयुक्त उम्मीदवारों का साक्षात्कार आयोजित कर 110 उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट किया।

इस अवसर पर डॉ. तेज प्रकाश (सीएसआर, एएम/एनएस इंडिया), अभिषेक अवस्थी(एरिया मैनेजर, AISECT) और सेंटर के सभी कर्मचारियों की उपस्थिति के साथ ही कार्यक्रम का सफलतापूर्वक संचालन किया गया। एएम/एनएस इंडिया कम्पनी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का मुखूय उद्देश्य युवाओं का सशक्तिकरण कर उन्हें उनके करियर में सफलता की ओर प्रेरित करना है। साथ ही देश में बढ़ रही युवा बेरोजगारी की समस्या को खत्म करने में सहयोग प्रदान करना है। जिससे हमारे राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा मिले, एवं एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

## दुर्घटना प्रभावित परिवारों से मिलने सेमरहा पहुंचे अभिषेक सिंह, सभी प्रकार की सहायता का दिलाया भरोसा



**कवर्धा (विश्व परिवार)।** राजनांदगांव - कवर्धा संसदीय क्षेत्र के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज ग्राम सेमरहा पहुंचे और क्षेत्र में विगत दिनों हुए भीषण सड़क दुर्घटना में मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया. अभिषेक सिंह ने प्रभावित परिजनों से घटना की विस्तृत जानकारी ली तथा मृतकों के प्रति अपनी संवेदना भी व्यक्त की. अभिषेक सिंह ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन में सवार उन ग्रामीणों से भी बात की जिन्होंने चलते वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई थी.

हम सबको जानकारी है कि विगत दिनों कबीरधाम जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र कुकदुर के आगे बंजारी घाट के पास तेंदूपत्ता तोड़कर लौट रही वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उन्नीस आदिवासियों की दुखद मृत्यु हो गई थी. जिसमे ज्यादा लोग जिस गांव के थे, आज पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उसी सेमरहा गांव पहुंचे थे. उपस्थित परिजनों और ग्रामीणों से बात करते हुए अभिषेक सिंह ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह जी स्वयं यहां आकर आप लोगों से मुलाकात करना चाहते थे लेकिन स्वास्थ्य कारणों से अभी नहीं आ पाए हैं और जल्द ही वे भी आयेंगे. साथ ही पूर्व सांसद ने शासन द्वारा मिलने वाली सहायता की भी जानकारी ली और परिजनों को आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में पूरी सरकार उनके साथ खड़ी है और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी.

इस मौके पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू, उपाध्यक्ष जसविंदर बग्गा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, अनिल ठाकुर, रतिराम भट्ट, मुन्ना मानिकपुरी, काशी उइके, हुतेंद्र, सोनू सलूजा भी उपस्थित रहे.

## रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने दिखाई सख्ती, 248 ऑटो चालकों का काटा चलान

**रायपुर, 27 मई (आरएनएस)।** आटो और ई-रिक्शा के कारण शहर की यातायात व्यवस्था बाधित होने को लेकर नईदुनिया अभियान की खबर का शनिवार को बड़ा असर हुआ। एसएसपी संतोष सिंह ने आटो चालकों की मनमानी से बाधित हो रहे यातायात को गंभीरता से लेते हुए यातायात पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर नो पार्किंग और लेफ्ट टर्न पर खड़े कर सवारी बैठाते या उतारने वाले 248 आटो, ई रिक्शा चालकों का चालान काटकर जुर्माना वसूला गया। यह कार्रवाई देर रात तक चली।

डीएसपी यातायात गुरजीत सिंह ने बताया कि शास्त्री चौक, जय स्तंभ चौक, फाफाडीह चौक, स्टेशन चौक, भनपुरी, टाटीबंध, भाठागांव, पचपेड़ी नाका, तेलीबांधा और पंडरी के चौक-चौराहों पर अभियान चलाकर यातायात बाधित कर रहे 248 आटो चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

शहर से गुजरने वाले प्रमुख चौक-चौराहों पर आटो, ई रिक्शा चालकों द्वारा लापरवाहीपूर्वक नो पार्किंग पर वाहन खड़े कर सवारी बैठाने से यातायात बाधित होने की लगातार मिल रही शिकायत पर एसएसपी संतोष सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ओपी शर्मा के नेतृत्व में आठ यातायात पुलिस थाने के अधिकारी-कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से जांच अभियान चलाया। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

आटो चालकों से अपील की जा रही है कि सवारी निर्धारित स्टापेज पर ही बैठाएं और उतारें, किसी चौक पर या लेफ्ट टर्न पर वाहन खड़ी कर यातायात बाधित न करें। ऐसा करते पाए जाने पर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## कोटा स्टेडियम में आयोजित हुआ विशाल रक्तदान शिविर

**रायपुर (आरएनएस)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर एवं पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति छत्तीसगढ़ के सहयोग से, सरगुजा संभाग से आने वाले जरूरतमंद मरीजों के लिए, रविवार को कोटा स्टेडियम रायपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में 10 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

पांचजन्य संतति विकास सेवा समिति छत्तीसगढ़ की तरफसे कैंप का कार्यभार श्री रवीश गुप्ता ने और मॉडल ब्लड (बैंक) सेंटर की तरफसे डॉ. अविरल मिश्रा की निगरानी में संपन्न हुआ।

रक्तदान शिविर की टीम में डॉ. नागश्री, डॉ. कुसुमलता, डॉ. सारांश, डॉ. संस्कृति, डॉ. संस्कार , नूरानी खान, जितेन्द्र यादव, लोमश, हेमा कश्यप, भूमिका यादव, शोभाराम साहू, लखपति पटेल,राकेश बंजारे, राकेश शर्मा, पैरामेडिकल स्टाफ में शुभम, सिद्धार्थ, हेमा, वंदना थे।

सभी के विशेष सहयोग से यह रक्तदान शिविर का सफ्ल आयोजन किया गया।







प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी प्रियेश कुमार जैन द्वारा मे. विश्व परिवार इंडस्ट्रीज, प्लॉट नं.-421 सेक्टर-सी, सड़क नं.-7 उरला इंडस्ट्रीयल एरिया उरला, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं ओलंपस जिम के पीछे, सेक्टर-1, शंकर नगर रायपुर (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक : प्रदीप कुमार जैन, फोन नं. : 0771- 4017966, मो.- 9981924252 RNI.NO.CHHHIN/2013/50354